Epaper

www.anokhateer.com | anokhateer@gmail.com | पंजीयन क्रमांक-एमपीएचआईएन 69306/1998

दैनिक
# अनोखा तीर
हरदा एवं नर्मदापुरम् से एक साथ प्रकाशित

निशाने पर हर खबर

28 दिसंबर 2025
हरदा, रविवार
वर्ष-15, अंक - 203, पृष्ठ-8
मूल्य- 2 रुपए
पौष शुक्ल पक्ष - 8
विक्रम संवत् 2082

- सतना का नया बस स्टेंड अटल बिहारी वाजपेयी अंतर्राज्यीय बस अड्डा के नाम से जाना जाएगा
- सतना विमानतल की एयरस्ट्रिप की लंबाई बढ़ाकर 1800 मीटर तक की जाएगी
- मुख्यमंत्री ने सतना में 652.54 करोड़ रूपए से अधिक लागत के विकास कार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन

● अटल जी के जन्मशती वर्ष में मध्यप्रदेश का हो रहा अभ्युदय: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## चित्रकूट को बनाएंगे भव्य और दिव्य धाम

**अनोखा तीर, भोपाल ।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हम भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मशती वर्ष मना रहे हैं। अटल जी के जन्मशती वर्ष में ही मध्यप्रदेश का रीयलस्टिक डेवलपमेंट (अभ्युदय) हो रहा है। हम मध्यप्रदेश में सरकार नहीं, परिवार चलाते हैं। प्रदेश के हर घर को परिवार मानकर जनहित के निर्णय ले रहे हैं। हमारे निर्णयों में अंत्योदय भी है और ग्रामोदय भी। सतना जिला भगवान श्रीराम की कर्मभूमि रहा है। इसलिए हमारी सरकार चित्रकूट को भव्य और दिव्य धाम के रूप में विकसित करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने सतना को स्मार्ट सिटी योजना की सौगात देकर विकास कार्यों की गंगा बहा दी है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को सतना के आईएसबीटी परिसर में आयोजित लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 31 करोड़ रूपए की लागत से नवनिर्मित आईएसबीटी का लोकार्पण किया और इसका नामकरण अटल बिहारी वाजपेयी अंतर्राज्यीय बस अड्डा करने की घोषणा की। अटल जी राजनीति में शुचिता और राष्ट्रीयता के प्रतीक है।



उन्होंने राष्ट्र, धर्म और जनकल्याण के लक्ष्यों को लेकर सरकार चलाई। भारतीय संसद में 50 वर्षों तक अटल जी की निर्भीक वाणी गूंजती रही। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सतना में आईएसबीटी बन चुका है। राज्य सरकार की भी पूरी तैयारी है कि नए साल से प्रदेश में सरकारी बसों का संचालन प्रारंभ हो जाएगा। मुख्यमंत्री सुगम लोक परिवहन सेवा के नाम से प्रदेश के गांव-गांव तक सस्ती और सुविधाजनक बस परिवहन सेवा प्रारंभ कर दी जाएंगी। शहरों में लग्जरी बसें चलाई जाएंगी।

### मध्यप्रदेश में नए साल से चलेंगी सरकारी बसें

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने घोषणा करते हुए कहा कि सतना विमानतल की एयरस्ट्रिप की वर्तमान लंबाई बढ़ाकर अब 1800 मीटर तक की जाएगी, जिससे यहां जेट विमान भी उतर सकें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सतना जिले का कोना-कोना सिंचित किया जाएगा। बरगी नहर परियोजना का पूरा लाभ सतना जिले को मिलेगा। इससे यहां की डेढ़ लाख हैक्टेयर से अधिक कृषि भूमि को सिंचाई की स्थायी सुविधा मिलेगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सतना में 652.54 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाले 12 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इसमें नवीन आधुनिक आईएसबीटी एवं धवारी क्रिकेट स्टेडियम के नवीनीकरण कार्य के लोकार्पण सहित करीब 383 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होने वाले 650 बिस्तरीय नवीन अस्पताल का भूमिपूजन भी शामिल है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह तीनों सौगातें सतना के विकास में चार चांद लगाएंगी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हितलाभ भी वितरित किये।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह पूरा सप्ताह मध्यप्रदेश के विकास का ऐतिहासिक सप्ताह रहा है। धार और बैतूल में पीपीपी मॉडल पर मेडिकल कॉलेज का भूमिपूजन हुआ। ग्वालियर में अभ्युदय मध्यप्रदेश ग्रोथ समिट का आयोजन हुआ। कुल 2 लाख करोड़ रुपए से अधिक के औद्योगिक विकास कार्यों का लोकार्पण-शिलान्यास हुआ। भोपाल मेट्रो शुरू हुई और आज विन्ध्य के विकास को भी नए पंख लग रहे हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि भगवान श्रीराम ने सतना के पास चित्रकूट धाम में 11 वर्ष गुजारे थे। राज्य सरकार चित्रकूट धाम सहित सतना

## कार से 5 को रौंदा...दो की मौत, आरोपी गिरफ्तार

● लोगों ने नेशनल हाईवे पर चक्काजाम किया



**मुरैना (एजेंसी)।** मुरैना जिले के पोरसा में शुक्रवार रात (26 दिसंबर) भाजपा नेता   ने कार से घर के बाहर अलाव ताप रहे पांच लोगों को कुचल दिया। देर रात ग्वालियर में भर्ती दो घायलों की मौत हो गई। शनिवार दोपहर करीब 12 बजे नेशनल हाईवे पर करीब 500 से ज्यादा लोग इकट्ठा हो गए। चक्काजाम के चलते हाईवे के दोनों तरफ जाम लग गया। मौके पर एसडीओपी रवि भदौरिया, एसडीएम रामनिवास सिकरवार, अंबाह टीआई सत्येंद्र कुशवाह पुलिस बल के साथ पहुंचे। अधिकारियों ने ग्रामीणों से बाइक हटाने के लिए कहा तो वे भड़क गए। समझाइश के दौरान मृतक के परिवार की एक महिला ने पोरसा टीआई दिनेश कुशवाह की कॉलर पकड़ ली।

### लोगों ने आरोपी को पकड़कर पीटा

हादसे के बाद कार चला रहे आरोपी भाजपा नेता को पकड़ लिया और जमकर पीटा। इसके बाद पुलिस के हवाले कर दिया, लेकिन कुछ ही देर में आरोपी पुलिस हिरासत से भाग निकला। गुस्साए लोगों ने इसके विरोध में हाईवे पर करीब 20 मिनट तक जाम लगाया और पुलिस पर आरोपी को भगाने के आरोप लगाए।वहीं शाम को एक प्रेसनोट जारी कर भाजपा ने दीपेंद्र भदौरिया को पार्टी से निकाल दिया।

### हुआ अंतिम संस्कार

हादसे में रामदत्त राठौर (65) और अर्णव उर्फ अन्नू लक्षकार (11) गंभीर रूप से घायल थे। दोनों को ग्वालियर रेफर किया गया था। दोनों ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। शनिवार दोपहर को पोस्टमॉर्टम के बाद दोनों शव पोरसा लाए जाएंगे, जहां अंतिम संस्कार हुआ। हादसे में घायल कमलेश राठौर, गिर्राज राठौर और अभिषेक तोमर का इलाज जारी है। कुछ देर बाद गिर्राज राठौर प्रदर्शन स्थल पर भी पहुंचे थे।

## एमपी की प्रशासनिक सीमाएं 31 दिसम्बर से फ्रीज होंगी

● कलेक्टर प्रमुख जनगणना अधिकारी, डिप्टी कलेक्टर जिला जनगणना अफसर होंगे

**अनोखा तीर, भोपाल ।** 31 दिसम्बर को प्रदेश की प्रशासनिक सीमाओं को फ्रीज करने के पहले राज्य सरकार ने जनगणना के लिए अधिकारियों की तैनाती कर दी है। अगले साल होने वाली जनगणना के लिए गृह विभाग ने जनगणना अधिकारियों की नियुक्ति कर उन्हें जनगणना के अधिकार दिए हैं।

संभागायुक्त को संभागीय जनगणना अधिकारी और कलेक्टर को जिले का प्रमुख जनगणना अधिकारी घोषित किया गया है। इसके अलावा कलेक्टर द्वारा तय किया गया अपर कलेक्टर, संयुक्त कलेक्टर या डिप्टी कलेक्टर स्तर का अधिकारी जिला जनगणना अधिकारी होगा।

गृह विभाग द्वारा जारी निर्देश में कहा गया है कि जनगणना अधिनियम 1948 की धारा 11 के अनुसार कोई भी जनगणना अधिकारी या ऐसा व्यक्ति जो जनगणना के कार्य में सहायता के लिए अधिकृत किया गया है और उसके द्वारा यह काम करने से मना किया जाता है या उसके द्वारा कोई बाधा पैदा की जाती है या जनगणना के काम में रुकावट की स्थिति लाई जाती है तो ऐसे व्यक्ति पर एक हजार रुपए का जुर्माना लगाया जा सकेगा।

## राजगढ़ सबसे ठंडा...पारा 3.8 डिग्री

● 16 जिलों में घना कोहरा, इस वजह से कई ट्रेनें लेट, पचमढ़ी से ठंडा भोपाल

**अनोखा तीर, भोपाल ।**



मध्यप्रदेश में कड़ाके की ठंड का दौर जारी है। शुक्रवार-शनिवार की रात में प्रदेश के कई जिलों में पारे में खासी गिरावट देखने को मिली। भोपाल, नौगांव और उमरिया हिल स्टेशन पचमढ़ी से भी ठंडे रहे। भोपाल-नौगांव में 4.6 डिग्री और उमरिया में तापमान 4.7 डिग्री दर्ज किया गया, जबकि पचमढ़ी में पारा 4.8 डिग्री रहा। दूसरी ओर, राजगढ़ प्रदेश का सबसे ठंडा शहर रहा। यहां पारा रिकॉर्ड 3.8 डिग्री पर पहुंच गया।बड़े शहरों में इंदौर में 6.2 डिग्री, ग्वालियर में 6.7 डिग्री, उज्जैन में 7.3 डिग्री और जबलपुर में 7.4 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं, खजुराहो, रीवा, रायसेन, शिवपुरी, दमोह, मंडला, दतिया, सतना, गुना, श्योपुर, धार, रतलाम समेत करीब 25 शहरों में पारा 10 डिग्री से नीचे दर्ज किया गया।इधर, 16 से ज्यादा जिलों में कोहरे का असर भी देखा गया। इस वजह से ट्रेनें लेट हो गई।

**बालाघाट में आग ताप रहा युवक अलाव में गिरा, मौत-** बालाघाट जिले में कड़ाके की ठंड से बचने के लिए आग ताप रहे एक व्यक्ति की अलाव में गिरने से मौत हो गई। घटना शुक्रवार रात 9 बजे लामता थाना क्षेत्र की चरेगांव चौकी के रैयतवाड़ी में हुई। सरोज कुमार अड़मे (40) को जिला अस्पताल लाया गया था, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दतिया।

**कोहरे की वजह से ट्रेनें आ रही लेट-** सुबह भोपाल, मंडला, रीवा, सतना, पचमढ़ी, दतिया, धार, गुना, ग्वालियर, इंदौर, उज्जैन, खजुराहो, नौगांव, अशोकनगर, झाबुआ, खंडवा, मऊगंज, सीधी, सिंगरौली, शाजापुर, सीहोर समेत कई जिलों में कोहरे का असर रहा।

इस वजह से दिल्ली से भोपाल, इंदौर-उज्जैन की तरफ आने वाली ट्रेनें अपने निर्धारित समय से काफी लेट हो गईं।ऐसा ही असर शनिवार सुबह भी देखने को मिला।

## बालाघाट दक्षिण में जब्त ट्रैक्टर के मालिकों से पैसा वसूलने वाला रेंजर निलंबित



**गणेश पांडे, भोपाल।**

दक्षिण बालाघाट डीएफओ अधर गुप्ता के हटते ही गड़बड़ियों की परते खुलने लगी हैं। इसी कड़ी में जब्त ट्रेक्टर मालिकों को गुमराह कर पैसा वसूलने का मामला प्रकाश में आया। इस पर सीएफ बालाघाट गौरव चौधरी तत्काल एक्शन में आए और लौंगूर रेंजर विवेक सिंह बघेल को निलंबित कर दिया। सूत्रों ने बताया कि रेंजर विवेक सिंह भोपाल कनेक्शन होने की बदौलत मनमानी और गड़बड़ी करता रहा और उसके खिलाफ अब तक कोई एक्शन नहीं किया गया। विवेक सिंह के निलंबित आदेश के अनुसार 23 दिसंबर को डीएफओ दक्षिण सामान्य बालाघाट के पत्र में लेख किया गया है कि 21 सितम्बर 24 को रेंजर लौगूर के द्वारा जैतपुरी बीट में में रेत का अवैध परिवहन करते हुए तीन टेक्टर क्र एमपी 50 एए 6081, एमपी 50 जेड 6343 और एमपी 50 जेडडी 8206 ट्राली सहित जप्त किए गए। जिनका वन अपराध 21 सितम्बर 24 को पंजीबद्ध किए गए। इन प्रकरणों में कार्यवाही करने के संबंध में विवेक सिंह बघेल रेंजर लौगुर द्वारा शासन हित में कोई कार्यवाही नहीं की गई और 6 माह तक प्रकरण अपने पास रखकर जानबुझकर विलम्ब किया। यही नहीं, रेंजर ने जप्त वाहन स्वामियों को गुमराह कर पैसा लिया गया।

### डीएफओ की अनुशंसा पर हुए निलंबित

नित्यानंदम डीएफओ दक्षिण सामान्य बालाघाट द्वारा की गई अनुशंसा के आधार पर सीएफ गौरव चौधरी ने रेंजर विवेक सिंह बघेल को कदाचारण के लिए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में बघेल का मुख्यालय उप वनमंडल कार्यालय बैहर उत्पादन, उत्तर उत्पादन वनमंडल बालाघाट रहेगा।

**नए डीएफओ की असली परीक्षा योगेश-** दक्षिण बालाघाट में विवादित रहे डीएफओ अधर गुप्ता के हटने के बाद आईएफएस नित्यानंदम की पदस्थापना हुई है। नित्यानंदम के आने के बाद यह सवाल यक्ष प्रश्न बन गया है कि क्या डीएफओ वनरक्षक योगेश नामदेव के खिलाफ कार्रवाई करेंगे। जबकि नामदेव के खिलाफ ज्ञानसिंह सैयाम वन समिति सदस्य ने सीएम हेल्पलाइन से लेकर पीसीसीएफ मुख्यालय भोपाल तक कई गंभीर शिकायत की है। नामदेव पर 10-15 सालों से कार्यालय में पदस्थ रहे। इस दौरान सप्लायर्स नेक्सेस से लेकर कथित मजदूर और चौकीदार भुगतान अपने परिचित व्यक्ति के खाते में ड्रा करने की शिकायत है। ट्रांसफर होने के बाद पूर्व डीएफओ अधर गुप्ता ने नामदेव का ट्रांसफर ऑफिस से हटाकर फील्ड में कर दिया। नए डीएफओ नित्यानंदम आने के बाद नामदेव की फिर बल्ले-बल्ले हो गई है, क्योंकि उसकी एप्रोच सीधे डीएफओ के किचिन केबिनेट तक है।



## ओरछा से निकले पूजित अक्षत कलश

**निवाड़ी (एजेंस)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी वर्ष समारोह के तहत ओरछा के रामराजा सरकार धाम से पूजित अक्षत कलशों का वितरण किया गया। इन कलशों का उद्देश्य छतरपुर विभाग के हर घर तक पहुंचना और प्रत्येक बस्ती में हिंदू सम्मेलन का मार्ग प्रशस्त करना है। छतरपुर विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में 27 अक्षत कलशों का वेद मंत्रों के साथ पूजन किया गया। यह वितरण राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सौ वर्ष पूर्ण होने पर पूरे भारत में आयोजित किए जा रहे हिंदू सम्मेलनों की श्रृंखला का हिस्सा है।ये सभी पूजित कलश छतरपुर विभाग के चारों जिलों– छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी और लवकुश नगर – में भेजे गए हैं।

● पूर्व मंत्री दीपक जोशी ने जारी किया वीडियो, कहा-

## मैंने गलतियां जरूर की है, बेईमानी, छल या कपट नहीं किया

**अनोखा तीर, भोपाल ।**

एक से अधिक विवाह को लेकर चर्चा में आए पूर्व मंत्री दीपक जोशी ने शनिवार को फेसबुक पर एक अपलोड किया है। जिसमें उन्होंने कहा है कि यश, अपयश मनुष्य जीवन में आते जाते रहते हैं किंतु मैं दावे से कह सकता हूं कि मैंने गलतियां जरूर की है। बेईमानी, छल या कपट नहीं किया है। जिन महिलाओं ने सामान्य जीवन को सार्वजनिक किया है उसे और सार्वजनिक नहीं करना चाहता।

जोशी ने कहा है कि मेरे पिताजी को राजनीति का संत कहा जाता है। उनकी विरासत के आधार पर कह सकता हूं कि न मैं रास्ता भटका, न ही मैंने मंजिल खोयी है। मैं पिता के पदचिन्हों पर चलते हुए निरंतर शुचिता के लिए लड़ूंगा। बता दें, पूर्व मंत्री दीपक जोशी पर कांग्रेस की पूर्व प्रदेश सचिव पल्लवी राज समेत 3 महिलाओं ने शादी का दावा किया है।



यह मामला 4 दिसंबर 2025 को तब सार्वजनिक हुआ, जब पल्लवी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर कुछ तस्वीरें पोस्ट कीं, जिनमें दीपक जोशी उनकी मांग में सिंदूर भरते नजर आ रहे हैं।

● **मैंने गलतियां जरूर की, छल-कपट नहीं किया**–दीपक जोशी ने एक मिनट 28 सेकेंड के वीडियो कहा कि यश, अपयश मनुष्य जीवन में आते जाते रहते हैं किन्तु मैंने दावे से कह सकता हूं कि मैंने गलतियां जरूर की है। बेईमानी, छल या कपट नहीं किया है। जिन महिलाओं ने सामान्य जीवन को सार्वजनिक किया है उसे और सार्वजनिक नहीं करना चाहता। भारतीय संविधान के अनुसार यह कार्यवाही संपन्न हो रही है। अपने पिताजी जिन्हें राजनीति के संत की विरासत के आधार पर कह सकता हूं कि न मैं रास्ता भटका न ही मैंने मंजिल खोयी है। मैं पिता के पदचिन्हों पर चलते हुए निरंतर शुचिता के लिए लड़ूंगा।

● बैतूल-भोपाल हाईवे पर बाइक सवार भाई-बहन पुलिया से गिरे

## कार के कट से हादसा, युवक के पैर में सरिया आरपार धंसा

**अनोखा तीर, बैतूल ।**

बैतूल-भोपाल राष्ट्रीय राजमार्ग पर शनिवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। शाहपुर थाना क्षेत्र के नीमपानी बाचा ढाबे के पास तेज रफ्तार कार के अचानक कट मारने से बाइक सवार भाई-बहन पुलिया से नीचे जा गिरे। हादसे में युवक के पैर में लोहे का सरिया आर-पार धंस गया, जबकि उसकी बहन भी घायल हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कोटमी माल निवासी धर्मेंद्र उइके (29) अपनी बहन पूनम उइके (24) के साथ बाइक से पाढर बाजार की ओर जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रही लाल रंग की कार ने अचानक बाइक के सामने कट मार दिया। इससे बाइक अनियंत्रित हो गई और दोनों पुल से नीचे गिर पड़े।



**सरिया पैर में आर-पार निकल गया-** हादसे के बाद का दृश्य बेहद भयावह था। पुल के नीचे लगे लोहे के सरियों में धर्मेंद्र का पैर फंस गया और सरिया आर-पार निकल गया। वहीं, पूनम उइके भी गंभीर रूप से घायल होकर वहीं गिर पड़ी। राहगीरों ने तत्काल डायल-112 और पुलिस को सूचना दी।

सूचना मिलते ही शाहपुर और पाढर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। हालात को देखते हुए गैस कटर मंगवाया गया और कड़ी मशक्कत के बाद सरिया काटकर युवक को बाहर निकाला गया। इसके बाद 112 एम्बुलेंस की मदद से दोनों घायलों को जिला अस्पताल बैतूल पहुंचाया गया।

### भाई भोपाल रेफर, बहन जिला अस्पताल में भर्ती

जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने जांच के बाद धर्मेंद्र की हालत गंभीर बताई। प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए भोपाल स्थित गांधी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। वहीं, बहन पूनम उइके का उपचार जिला अस्पताल में जारी है।

फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हादसे के बाद से कार ड्राइवर फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है।

## सार-समाचार

### श्री हनुमान व्यायाम शाला टिमरनी के खिलाड़ियों का नेशनल गेम्स के लिए चयन

**अनोखा तीर, टिमरनी।** उज्जैन में आयोजित होने वाले मार्शल आर्ट के नेशनल गेम्स में परंपरागत लाठी खेल को शामिल किया गया है। जिला मलखंभ संघ हरदा एवं जिला परंपरागत लाठी खेल संघ के अध्यक्ष रोहित रहड़वा ने बताया कि यह नेशनल प्रतियोगिता 27 से 30 दिसंबर 2025 तक उज्जैन में आयोजित होगी। इस प्रतियोगिता के लिए हिमांशी पिता आनंद रहड़वा, वंशिका पिता विजय कौशल, वंशिका पिता संजय गुर्जर, चाहत



देवड़ा पिता केवलाराम देवड़ा एवं वेदांत पगारे पिता अतुल पगारे का चयन हुआ है। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय परंपरागत लाठी खेल प्रतियोगिता में भाग लेंगे। साथ ही इस नेशनल प्रतियोगिता में रोहित रहड़वा एवं दिलीप चौहान निर्णायक की भूमिका में रहेंगे। नगर की इस उपलब्धि पर मलखंभ संघ के उपाध्यक्ष नितेश बादर ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि लाठी भारत का परंपरागत खेल है, जिसमें खिलाड़ी अपने शारीरिक कौशल और ताकत के साथ-साथ एकाग्रता का भी प्रदर्शन करते हैं। यह भारतीय खेल खिलाड़ियों के स्वास्थ्य के साथ एक आदर्श व्यक्तित्व निर्माण में सहायक है तथा देश में बढ़ते खेलों के महत्व को भी रेखांकित करता है। खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देने वालों में हरदा ओलंपिक संघ के जिला अध्यक्ष संदीप पटेल, मार्गदर्शक शालिग्राम चंदेल, नगर पालिका अध्यक्ष देवेंद्र भारद्वाज, जिला क्रीड़ा अधिकारी रामनिवास जाट, आलोक जैन, सुनील गौर, भवानी शंकर तिवारी, शैलेंद्र पवार, पुनीत जायसवाल, सचिन बलबटे, विनीत गीते, अंकित कनेरे, आनंद रहड़वा, विजय चंदेल, रितेश तिवारी, अक्षय शांडिल्य, महेंद्र सोलंकी, विशाल तंबुलकर, शिवम गौर, रोहित गौर, जितेंद्र जाट, वेदांत धनगर सहित मध्य प्रदेश मलखंभ संघ के उपाध्यक्ष आनंद तिवारी शामिल रहे।

### चरण पीठ स्थापना एवं नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ

**अनोखा तीर, सिराली।** समीपवर्ती ग्राम महेंद्र गांव में शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री शक्तिपीठ परिसर में प्रज्ञा सजल श्रद्धा एवं प्रज्ञेश्वर महादेव की प्राण प्रतिष्ठा तथा नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत रविवार 28 दिसंबर को प्रात: 8.30 बजे से कलश यात्रा, प्रज्ञा सजल श्रद्धा एवं प्रज्ञेश्वर महादेव की प्राण प्रतिष्ठा तथा नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ संपन्न होगा। इसके उपरांत शाम 5.30 बजे से परम वंदनीय माताजी के जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर विशेष उद्बोधन एवं दीप यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के दूसरे दिन सोमवार 29 दिसंबर को प्रात: 8 बजे से यज्ञ एवं संस्कार आयोजित होंगे। इसके साथ ही नव दिवसीय अनुष्ठान के साधकों का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। दोपहर 1 बजे से कार्यकर्ता गोष्ठी एवं विदाई कार्यक्रम संपन्न होगा। स्थानीय गायत्री परिवार के परिजनों ने श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में शामिल होकर पुण्य लाभ लेने का आग्रह किया है।

### पिछड़ा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार का हुआ स्वागत

**अनोखा तीर, करताना।** हरदा जिले के प्रवास पर आए पिछड़ा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार का शनिवार को करताना बस स्टैंड पर भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों द्वारा स्वागत किया गया। पिछड़ा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष का साल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया।



कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पवन पाटीदार ने कहा कि पार्टी का हर एक कार्यकर्ता, पार्टी के पदाधिकारी से कम नहीं होता। उन्होंने कहा कि वे प्रदेश अध्यक्ष बनने से पहले पार्टी के एक कार्यकर्ता हैं। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष के साथ पार्टी के वरिष्ठ नेता रोहित यादव, अमीर सिंह पटेल, राजाराम शिवहरे, अमित चौधरी, नरेंद्र राठौर, रामनिवास गुर्जर और पूनमचंद पटवारे भी शामिल रहे। कार्यक्रम के दौरान पिछड़ा मोर्चा जिला अध्यक्ष राधेश्याम गौर, पिछड़ा मोर्चा मंडल अध्यक्ष सोम सिंह यादववंशी, मंडल अध्यक्ष करताना सुनील डूडी, मंडल अध्यक्ष टिमरनी अतुल बारंगे, वरिष्ठ नेता कैलाश पटेल, विनीत गीते, गजेंद्र राजपूत, उमाशंकर यादववंशी और अशोक यादववंशी उपस्थित रहे।

### पुत्रदा एकादशी पर सिराली में होगा भव्य श्रीश्याम संकीर्तन

**अनोखा तीर, सिराली।** पुत्रदा एकादशी के पावन अवसर पर मंगलवार 30 दिसंबर 2025 को तिलभांडेश्वर शंकर मंदिर, सिराली में भव्य श्रीश्याम संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ रात्रि 8 बजे से होगा। इस अवसर पर खातेगांव के शीश से भव्य बाबा श्याम का दरबार सजाया जाएगा। संकीर्तन के दौरान बाबा की अखंड ज्योत प्रज्वलित होगी। साथ ही पुष्प वर्षा एवं इत्र वर्षा के माध्यम से भक्तिमय वातावरण निर्मित किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रसिद्ध भजन गायिका वंशिका गौस्वामी, आष्टा द्वारा सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी, जिससे श्रद्धालु भाव-विभोर होंगे। आयोजन को लेकर क्षेत्र के श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। आयोजकों ने अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से उपस्थित होकर बाबा श्याम के दरबार में हाजिरी लगाने की अपील की है।

### तजपुरा में नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, 600 लाभार्थियों ने उठाया लाभ

**अनोखा तीर, करताना।** ग्राम पंचायत तजपुरा के शाला भवन में प्रसारित सूचना के अनुसार इंडेक्स मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर इंदौर के चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण एवं चिकित्सीय उपचार में सहभागिता कर सेवा प्रदान की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम सरपंच नवीन सिंह मौर्य एवं हॉस्पिटल से आए डॉक्टरों द्वारा मां सरस्वती के पूजन के साथ किया गया। इसके पश्चात उपस्थित चिकित्सकों ने अपने-अपने विभाग की जानकारी दी। इस अवसर पर विधायक श्री शाह एवं सरपंच मौर्य द्वारा भी संबोधित किया गया। शिविर में विभिन्न ग्रामों से उपस्थित लगभग 600 लाभार्थियों ने अपने स्वास्थ्य का परीक्षण कराया। वहीं 50 मरीजों को विभिन्न उपचारों के लिए इंदौर हॉस्पिटल रेफर किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक अभिजीत शाह, जनपद सदस्य विक्रम सिंह चौहान, विधायक प्रतिनिधि महेंद्र सिंह मौर्य, तेजराम बेड़ा, सरपंच गुरुदयाल निकुम छीपानेर, डॉ.नरेश चौधरी शिशु रोग विशेषज्ञ, डॉ.अंकित अग्रवाल हड्डी रोग विशेषज्ञ, डॉ.हर्ष गुप्ता शल्य रोग विशेषज्ञ, वैशाली मेहता स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ.राशि भांगरे नेत्र रोग विशेषज्ञ, डॉ स्मिता महेर चर्म रोग विशेषज्ञ, डॉ.अजनेश महेंद्रोनोवर्धम शर्मा मेडिसिन विभाग, डॉ.शुभम राठौड़ दंत रोग विशेषज्ञ, डॉ फैजल पठान दंत रोग विशेषज्ञ सहित पैथोलॉजी एवं मेडिकल विभाग की गरिमामयी उपस्थिति रही। साथ ही बड़ी संख्या में ग्रामीण क्षेत्रों से जुड़े लोगों ने सहभागिता कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

# संतों के भीतर की आंतरिक शांति कभी खंडित नहीं होती : चेतना भारती



### चारखेड़ा में चल रही संत सिंगाजी महाराज की परचरी पुराण



**अनोखा तीर, सोडलपुर।** समीपवर्ती ग्राम चारखेड़ा में चल रही संत सिंगाजी महाराज की परचरी कथा के तृतीय दिवस की कथा मंडलेश्वर से पधारी दीदी चेतना भारती द्वारा भावात्मक शैली में श्रवण कराई गई। दीदी चेतना भारती ने कहा कि संत सिंगाजी महाराज ने जब गुरु मनरंग गिरी नामक संत के मुखारविंद से निर्गुण भजन सुना, तो उनके शब्द बाण की भांति हृदय में उतर गए। तत्क्षण सिंगाजी महाराज को वैराग्य प्राप्त हुआ और वे मनरंग स्वामी के चरणों में गिर गए। मनरंग स्वामी ने सिंगाजी महाराज को शिष्य रूप में स्वीकार किया। उन्होंने बताया कि माया को मन से त्यागकर, बिना संसार और घर-परिवार छोड़े, जल में कमल की तरह अनासक्त योगी की भांति सिंगाजी महाराज ने गृहस्थ धर्म में रहकर अपनी रहनी और कहनी के माध्यम से नर से नारायण होने की शिक्षा जगत को दी। संत की स्थिति ऐसी रहती है कि वे भले ही बाजार में खड़े हों, पर उनकी अवस्था ऐसी होती है जैसे हिमालय की गिरि कंदराओं में कोई योगी ध्यानस्थ बैठा हो। संतों के भीतर की आंतरिक शांति कभी खंडित नहीं होती, चाहे परिस्थिति अनुकूल हो या प्रतिकूल, क्योंकि संत सभी स्थितियों को दृष्टा भाव से देखते हैं। कथा के दौरान दीदी चेतना भारती ने सभी श्रोताओं से निवेदन किया कि अपने घर में नित्य सिंगाजी महाराज की आरती अवश्य करें। कथा का आयोजन ग्राम के पटेल परिवार द्वारा किया जा रहा है।

## पर्यावरण, विधिक साक्षरता एवं सामुदायिक संरक्षण पर जागरुकता अभियान का प्रचार-प्रसार

**अनोखा तीर, खिरकिया।**

पर्यावरण विधिक साक्षरता एवं सामुदायिक संरक्षण पैन इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत जागरूकता का प्रचार-प्रसार किया गया। यह अभियान किया गया। इसी क्रम में ग्राम छुरीखाल स्थित प्रस्तावित गंजाल मोरन डेम से निकलने वाली नहरों में बिछाए जाने वाले पाइप निर्माण से जुड़ी नवयुगा और विलपसन कंपनी की फैक्ट्रियों में कार्यरत सैकड़ों मजदूरों के बीच का आधार है, जो हमें शुद्ध हवा, पीने का पानी, भोजन और आवास के संसाधन उपलब्ध कराता है तथा प्रकृति के संतुलन को बनाए रखने में सहायक होता है। प्राकृतिक सुंदरता मानसिक शांति प्रदान करती है।




म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशन में तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अरविंद रघुवंशी और सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चंद्रशेखर राठौर के मार्गदर्शन में, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सहायता अधिकारी सौरभ दुबे के सहयोग से संचालित पहुंचकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान उपस्थित पेरा लीगल वॉलिंटियर संजय गंगराड़े, संजय नामदेव एवं दीपेंद्र देवड़ा द्वारा पर्यावरण एवं जल संरक्षण विषय पर विस्तृत चर्चा की गई और दैनिक जीवन में पर्यावरण के महत्व की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बताया गया कि पर्यावरण हमारे जीवन उपस्थित लोगों को पानी उबालकर पीने के लिए प्रेरित किया गया और बताया गया कि जल का अपव्यय आने वाली पीढ़ियों के लिए गंभीर समस्या बन सकता है। साथ ही जल प्रदूषण, जल गुणवत्ता की जानकारी, पौधारोपण की आवश्यकता, वायु प्रदूषण एवं जल प्रदूषण रोकने के उपायों पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान पॉलीथीन के उपयोग और उसे जलाने से होने वाले स्वास्थ्य नुकसान की जानकारी दी गई तथा कपड़े की थैली के उपयोग के लिए प्रेरित किया गया। स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देते हुए नशीले पदार्थों के दुरुपयोग से बचने, नागरिकों के अधिकारों एवं कर्तव्यों की समझ विकसित करने पर जोर दिया गया। बताया गया कि अच्छे राष्ट्र निर्माण के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने अधिकारों के साथ कर्तव्यों का भी पालन करना चाहिए। इस अवसर पर लोगों ने अपनी समस्याएं भी साझा कीं, जिन पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत युवा उपभोक्ता कल्याण समिति के सदस्यों द्वारा ईंट भट्टों पर कार्य करने वाले मजदूरों को मास्क वितरित किए गए और कार्य के दौरान मास्क उपयोग की आवश्यकता बताई गई, ताकि धुआं, प्रदूषित वायु, धूल-मिट्टी से बचाव हो सके। इसी तरह आदिवासी अंचल के ग्राम भीमपुरा, सुंदरपानी, चिकलपाठ, लफागढाना, सारसुद, कड़ोला, कुकड़ापानी सहित अन्य गांवों में भी जागरूकता अभियान चलाकर मास्क वितरित किए गए।

## ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय ने निकाली कलश यात्रा

### -शिव महापुराण कथा का शुभारंभ



**अनोखा तीर, टिमरनी।** ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के तत्वावधान में टिमरनी क्षेत्र में मंगल कलश यात्रा का भव्य एवं आध्यात्मिक आयोजन किया गया। यह मंगलमय यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई कथा स्थल पर संपन्न हुई। यात्रा में टिमरनी नगर पालिका अध्यक्ष देवेंद्र भारद्वाज, सीएमओ एवं भूतपूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सुभाष जायसवाल भी सम्मिलित हुए। इस अवसर पर नर्मदापुरम संभाग क्षेत्र की प्रमुख बहनों एवं माताओं ने श्रद्धा, उत्साह और भक्ति भाव के साथ सक्रिय सहभागिता की। मंगल कलश यात्रा के माध्यम से नगर में



आध्यात्मिक वातावरण का सृजन हुआ। मंगल कलश यात्रा के साथ ही आगामी शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ के विधिवत शुभारंभ की घोषणा की गई। शिव महापुराण कथा का आयोजन 28 दिसंबर से 3 जनवरी तक प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक किया जाएगा। यह दिव्य कथा विट्ठल नगर, पानी की टंकी के पास आयोजित होगी। ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा नगर एवं क्षेत्रवासियों से इस पावन आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में पधारकर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त करने का विनम्र अनुरोध किया गया है।

## रहटगांव के शासकीय कन्या शाला में प्रशिक्षण का दूसरा सत्र संपन्न

**अनोखा तीर, रहटगांव।** नगर के शासकीय कन्या शाला पालीवाल स्कूल में सामाजिक-भावनात्मक-नैतिक शिक्षा प्रोग्राम के अंतर्गत आज दूसरा प्रशिक्षण सत्र सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह सत्र जन शिक्षा केंद्र और युविसम फाउंडेशन बघवाड़ के सहयोग से आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को कहानी एवं अनुभव आधारित सीख के माध्यम से गहन समझ विकसित कराना था, ताकि वे इसे अपनी कक्षाओं में प्रभावी ढंग से लागू कर सकें। सत्र की शुरुआत दलाई लामा की प्रेरक कहानी से हुई, जिसके माध्यम से करुणा, आत्म-अनुशासन, सहानुभूति और नैतिक मूल्यों को सरल एवं प्रभावशाली तरीके से समझाया गया। इस कहानी आधारित प्रस्तुति ने शिक्षकों को यह बोध कराया कि भावनात्मक शिक्षा को बच्चों के दैनिक जीवन और कक्षा शिक्षण से किस प्रकार जोड़ा जा सकता है। प्रशिक्षण में शिक्षा का अधिकार अधिनियम और को स्पष्ट करते हुए विशेषज्ञों ने बताया कि



पढ़ने-लिखने, गणना और समझ विकसित करने की प्रक्रिया तब अधिक सफल होती है, जब बच्चे भावनात्मक रूप से सुरक्षित, आत्मविश्वासी और नैतिक मूल्यों से संपन्न होते हैं। शिक्षकों के साथ संवादात्मक गतिविधियां आयोजित की गईं, जिनमें यह समझाया गया कि लक्ष्य तभी पूर्ण रूप से हासिल किए जा सकते हैं, जब सेल और सील को कक्षा की रोजमर्रा की शिक्षण प्रक्रिया का अभिन्न अंग बनाया जाए। शिक्षकों ने अपने अनुभव साझा किए और चर्चा की कि कहानी, संवाद तथा समूह गतिविधियों के माध्यम से बच्चों में सीखने की रुचि कैसे बढ़ाई जा सकती है।

### भोपाल, रानी कमलापति एवं निशातपुरा स्टेशनों पर अधोसंरचना सुदृढ़ीकरण से दोगुनी होगी कोचिंग हैंडलिंग क्षमता

# बढ़ती यात्री मांग को पूरा करने, भीड़भाड़ कम करने किया जा रहा सुधार : वैष्णव



**अनोखा तीर, भोपाल।**

यात्रियों की निरंतर बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए भारतीय रेलवे द्वारा आगामी वर्षों में प्रमुख शहरों में ट्रेन संचालन एवं कोचिंग हैंडलिंग क्षमता को दोगुना करने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल मंडल के अंतर्गत भोपाल, रानी कमलापति एवं निशातपुरा रेलवे स्टेशनों पर व्यापक अधोसंरचना विकास एवं क्षमता संवर्धन के कार्य प्रगति पर हैं। वर्तमान में भोपाल क्षेत्र के भोपाल एवं रानी कमलापति स्टेशनों से 30 मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों का उद्गम एवं हैंडलिंग किया जा रहा है, जो स्वीकृत एवं प्रस्तावित कार्यों के पूर्ण होने के पश्चात लगभग 60 प्रतिशत तक बढ़ जाएगा। इसके अतिरिक्त 98 कोचों की वृद्धि से कोचिंग क्षमता में भी उल्लेखनीय इजाफा होगा।



**रानी कमलापति रेलवे स्टेशन** - रानी कमलापति स्टेशन पर कोचिंग क्षमता बढ़ाने के लिए चरणबद्ध रूप से कई महत्वपूर्ण कार्य स्वीकृत एवं प्रगतिशील हैं। इनमें आईओएच शेड का निर्माण, तीन पिट लाइनों का नवीनीकरण, प्लेटफॉर्म क्रमांक 4 एवं 5 को पृथक करने हेतु यार्ड संशोधन, अतिरिक्त लूप एवं स्टेबलिंग लाइनों का प्रावधान तथा यार्ड रीमॉडलिंग (फेज-दो एवं फेज-तीन) शामिल हैं। इन कार्यों के पूर्ण होने से रानी कमलापति स्टेशन पर सात अतिरिक्त ट्रेनों के उद्गम एवं हैंडलिंग की क्षमता विकसित होगी तथा कोचिंग स्टेबलिंग क्षमता में वृद्धि होगी।


#### भोपाल रेलवे स्टेशन

भोपाल रेलवे स्टेशन को भविष्य की यात्री मांग के अनुरूप विश्वस्तरीय सुविधाओं से युक्त किया जा रहा है। वर्तमान में यहां प्रतिदिन 65 हजार से अधिक यात्रियों का आवागमन होता है, जबकि मेले अथवा पीक आवर के दौरान यह संख्या 20 हजार से अधिक प्रति घंटा तक पहुंचने की संभावना रहती है। प्रमुख कार्यों में 21,814 वर्गमीटर क्षेत्रफल का नया मुख्य स्टेशन भवन 4235 वर्गमीटर का नया द्वितीय प्रवेश भवन 2160 वर्गमीटर का आधुनिक कॉनकोर्स जिसकी चौड़ाई 24 मीटर होगी, दो नए एफओबी, 33 लिफ्ट, 30 एस्केलेटर, मल्टी लेवल कार पार्किंग जिसकी क्षमता 1156 ईसीएस तथा सतही पार्किंग 413 ईसीएस शामिल हैं। इसके साथ ही स्मार्ट स्टेशन सुविधाएं, ग्रीन बिल्डिंग, सोलर पैनल, वर्षा जल संचयन एवं दिव्यांगजन अनुकूल व्यवस्थाएं भी विकसित की जा रही हैं।

**निशांतपुरा रेलवे स्टेशन** - निशांतपुरा स्टेशन को भोपाल क्षेत्र के मेगा कोचिंग मेंटेनेंस हब के रूप में विकसित किया जा रहा है। यहां वंदे भारत ट्रेनों के लिए मेंटेनेंस कोचिंग डिपो, नए पिट लाइन का निर्माण, स्वचालित कोच वॉशिंग प्लांट, व्हील लेथ लाइन, ईओटी क्रेन, सिंक्रोनाइज्ड लिफ्टिंग जैक, प्रशासनिक भवन एवं विभागीय मेकेनाइज्ड लॉन्ड्री जैसी अत्याधुनिक सुविधाओं का विकास प्रस्तावित एवं स्वीकृत है। इसके साथ ही अमृत भारत एवं एलएचबी कोचों के लिए अतिरिक्त लूप लाइनों एवं आइलैंड प्लेटफॉर्म का प्रावधान भी किया जा रहा है। इन कार्यों से निशातपुरा क्षेत्र में चार अतिरिक्त ट्रेनों के उद्गम की क्षमता विकसित होगी।

**संत हिरदाराम नगर स्टेशन** - महाकुंभ जैसे बड़े आयोजनों के दौरान अतिरिक्त ट्रेनों के संचालन को ध्यान में रखते हुए संत हिरदाराम नगर स्टेशन पर भी यार्ड रीमॉडलिंग एवं अतिरिक्त लूप एवं स्टेबलिंग लाइनों का प्रावधान प्रस्तावित है, जिससे पांच कोचिंग ट्रेनों की स्टेबलिंग क्षमता बढ़ेगी। भारतीय रेलवे की योजना के अंतर्गत वर्ष 2030 तक ट्रेन संचालन एवं कोचिंग हैंडलिंग क्षमता को दोगुना करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अगले पांच वर्षों में चरणबद्ध रूप से इसके लाभ यात्रियों को मिलने लगेंगे। सभी कार्यों को तत्काल, अल्पकालिक एवं दीर्घकालिक श्रेणियों में निर्धारित समयसीमा के अनुसार क्रियान्वित किया जा रहा है। रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि यात्रियों की बढ़ती आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए कोचिंग टर्मिनलों का विस्तार, यार्ड एवं खंडीय क्षमता वृद्धि तथा परिचालन सुधार किए जा रहे हैं, जिससे रेलवे नेटवर्क का आधुनिकीकरण होगा और क्षेत्रीय एवं राष्ट्रव्यापी कनेक्टिविटी को मजबूती मिलेगी। इन अधोसंरचना कार्यों के पूर्ण होने से भोपाल मंडल में रेल यातायात अधिक सुगम, सुरक्षित एवं यात्री अनुकूल बनेगा।

अनोखा तीर 3
# हरदा नगर
हरदा, रविवार 28 दिसंबर 2025



## वैश्य महासम्मेलन के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन



**अनोखा तीर, हंडिया।** मां नर्मदा नाभि तीर्थ नगरी हंडिया में शुक्रवार को वैश्य महासम्मेलन के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन हुआ। प्रदेश अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल, पूर्व गृहमंत्री उमाशंकर गुप्ता एवं हरदा जिलाध्यक्ष दीपक नेमा और जिला युवा अध्यक्ष राजीव जैन के मार्गदर्शन में तहसील अध्यक्ष राजेश अग्रवाल के निवास पर वैश्य महासम्मेलन का वार्षिक कैलेंडर 2026 का विमोचन किया गया। इस अवसर पर हंडिया के अरुण अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, शिवम अग्रवाल, शशांक अग्रवाल, पत्रकार एवं तहसील युवा अध्यक्ष दुर्गेश अग्रवाल और मंजू अग्रवाल उपस्थित थे।

## सार-समाचार

### कॉलेज चलो अभियान के तहत मॉडल पब्लिक स्कूल में दी जानकारी

**अनोखा तीर, हरदा।** आज कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत शासकीय आदर्श महाविद्यालय हरदा की टीम द्वारा मॉडल पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल हरदा में विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किया गया। महाविद्यालय



की ओर से डॉ. दीप्ति चौहान, डॉ. कविता पुनासे, शिवम कुशवाह एवं सोनाली मैडम उपस्थित रहीं। इस दौरान विद्यार्थियों को कॉलेज चलो अभियान के उद्देश्य बताते हुए शासकीय योजनाओं, छात्रवृत्ति, कैंपस सुविधाएं, प्रयोगशालाएं, स्मार्ट क्लास सहित अन्य शैक्षणिक संसाधनों की जानकारी दी गई। साथ ही हरदा जिले के एकमात्र शासकीय आदर्श महाविद्यालय में प्रारंभ किए गए तीन नए विषय भूगोल, भू-गर्भ शास्त्र एवं सांख्यिकी के संबंध में भी विस्तार से जानकारी दी गई। टीम द्वारा विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए शासकीय महाविद्यालय में अध्ययन के लाभों से अवगत कराते हुए आगे की पढ़ाई के लिए प्रेरित किया गया।

### पेंशनर्स एसोसिएशन का पेंशनर दिवस समारोह आज

**अनोखा तीर, हरदा।** प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन द्वारा पेंशनर दिवस समारोह का आयोजन कल प्रातः बजे से होटल मानसरोवर में रखा गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अशोक डेहरिया, अनुविभागीय अधिकारी होंगे। विशेष अतिथि के रूप में प्रभुशंकर शुक्ल, सेवानिवृत्त प्राचार्य, रुमसिंह डुडने, जिला कोषालय अधिकारी, अभय द्विवेदी, मुख्य शाखा प्रबंधक एसबीआई तथा अनिरुद्ध तंवर, सेवा निवृत्त डिप्टी कलेक्टर उपस्थित रहेंगे। समारोह के दौरान वरिष्ठ पेंशनरों का सम्मान किया जाएगा।

### रहटगांव में वैश्य महासम्मेलन का नववर्ष कैलेंडर विमोचन

**अनोखा तीर, रहटगांव।** शनिवार को वैश्य महासम्मेलन वैश्य समाज के नववर्ष कैलेंडर विमोचन का कार्यक्रम रहटगांव तहसील में तहसील




अध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल के निवास पर आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री आलोक गोयल, जिलाध्यक्ष दीपक नेमा, महामंत्री विजय अग्रवाल, युवा इकाई जिलाध्यक्ष शुभम अग्रवाल, विजय अग्रवाल, विजय गोयल, सुभाषचंद्र अग्रवाल, कमल अग्रवाल, शुभम अग्रवाल एवं अवधेश केसरवानी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न प्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

### प्रदेश के प्रत्येक नागरिक की डिजिटल वंशावली हो तैयार : अशोक गुर्जर

**अनोखा तीर, हरदा।** मध्यप्रदेश में भूमि, संपत्ति और अन्य राजस्व मामलों में होने वाली अनियमितताओं और घोटालों पर स्थाई रोक लगाने की दिशा में राज्य के प्रत्येक नागरिक की डिजिटल वंशावली तैयार कर उसे राजस्व व्यवस्था से अनिवार्य रूप से जोड़ने की मांग की गई है। इस संबंध में इतिहास संकलन समिति के सदस्य एवं भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला प्रवक्ता अशोक गुर्जर ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखा है। जिसके माध्यम से उज्जैन सिंहस्थ-2028 से पहले राज्य-स्तरीय डिजिटल वंशावली पोर्टल लांच करने का सुझाव दिया है। श्री गुर्जर ने कहा कि प्रस्ताव के अनुसार प्रत्येक नागरिक की वंशावली को समग्र आईडी एवं आधार कार्ड से जोड़ा जाए, ताकि परिवार और पिछली पीढ़ियों के रिकॉर्ड का आपसी मिलान संभव हो सके। इससे फर्जी उत्तराधिकार, अवैध नामांतरण और भूमि विवाद जैसे मामलों पर प्रभावी नियंत्रण की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि यदि यह व्यवस्था लागू होती है तो मध्य प्रदेश देश का पहला ऐसा राज्य होगा जहां प्रत्येक नागरिक की डिजिटल वंशावली उपलब्ध होगी। उन्होंने सिंहस्थ-2028 जैसे ऐतिहासिक आयोजन के साथ इस प्रणाली की शुरुआत प्रदेश को प्रशासनिक और सांस्कृतिक दृष्टि से नई पहचान दिलाएगी।

**जरूरी दस्तावेज वंशावली से होंगे लिंक-** श्री गुर्जर ने कहा कि इस पहल से जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्रों को इस डिजिटल वंशावली प्रणाली से जोड़ा जा सकता है, ताकि सॉफ्टवेयर अपने आप परिवार संरचना को अद्यतन करता रहे। स्वतंत्रता के बाद से उपलब्ध रिकॉर्ड को चरणबद्ध तरीके से इसमें शामिल किया जा सकता है।

**आर्थिक-सांख्यिकी विभाग को मिले जिम्मा -** इस पोर्टल की देखरेख आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग को सौंपने का सुझाव भी दिया गया है, जबकि तकनीकी सहयोग एमएपी-आईटी एवं एमएपी सीएएसटी जैसे संस्थानों से लिया जा सकता है। इससे मध्य प्रदेश देश में डिजिटल राजस्व प्रशासन का मॉडल राज्य बन सकता है।

### कांग्रेस का 140वां स्थापना दिवस आज

**अनोखा तीर, हरदा।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहन साईं ने बताया कि 28 दिसंबर, रविवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस पार्टी का 140वां स्थापना दिवस मनाया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 11 बजे से होगा। इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी के जनप्रतिनिधि, विधायक, जनपद अध्यक्ष, जनपद सदस्य, जिला पंचायत सदस्य, पार्षदगण, अनुसांगिक संगठनों के पदाधिकारी, कांग्रेस कार्यकर्ता, संगठन प्रमुख तथा सभी जिला अध्यक्षों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहने का आह्वान किया गया है।

## टेमागांव में वन विभाग का प्रथम अनुभूति कैंप





**अनोखा तीर, रहटगांव।** मुख्य वन संरक्षक, वन वृत्त नर्मदापुरम के निर्देशानुसार और वनमंडलाधिकारी, वनमंडल हरदा के मार्गदर्शन में वन परिक्षेत्र टेमागांव में प्रथम अनुभूति कैंप का आयोजन बोथी में गंजाल नदी के किनारे मध्य प्रदेश ईको पर्यटन विकास बोर्ड, भोपाल के सहयोग से वन विभाग द्वारा किया गया। इस वर्ष का अनुभूति कैंप हम हैं धरती के दूत थीम पर आधारित था। इसमें शासकीय नवीन हाई स्कूल पोखरनी के 62 और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चारखेड़ा के 64 विद्यार्थी एवं 10 शिक्षक शामिल हुए। विद्यार्थियों को स्थलीय और जलीय पक्षियों का अवलोकन कराया गया, जिसमें तुईया तोता, भुजंगा, सामान्य तोता, अंधा बगुला, किंग फिशर, मलंग बगुला, टिटहरी, छोटा पनकौवा, नीलकंठ और जलगुर्री आदि शामिल थे। नेचर ट्रेल के दौरान वनों, जंगली जीवों और पौधों की जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने प्रत्येक गतिविधि में भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण के लिए धरती के दूत बनने की शपथ ली। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वन सुरक्षा समिति अध्यक्ष, जनपद पंचायत टिमरनी दुर्गाबाई संतोष डोगने, जनपद सदस्य टिमरनी सुंदरलाल मवासे, मास्टर ट्रेनर हरिओम सोलंकी, सुखलाल सोलंकी, जोहनसिंह परते, वनपाल पुरुषोत्तम सिंह पट्टा, छाया धुर्वे और परिक्षेत्र टेमागांव का वन अमला उपस्थित रहे।

लिपिक संघ ने ज्ञापन सौंपा....

## समयमान वेतन तथा ई-अटेंडेंस का मुद्दा उठाया

**अनोखा तीर, हरदा।**

मप्र लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ ने शिक्षा विभाग में कार्यरत लिपिक एवं भृत्यों की मांगो के संबंध में शनिवार को जिला शिक्षा अधिकारी डीएस रघुवंशी को एक ज्ञापन सौंपा गया। जिसके माध्यम से समयमान वेतन और ई-अटेंडेंस का मुद्दा उठाया गया। साथ ही कुछ कर्मचारियों की परवीक्षा अवधि समाप्त होने के बाद भी आदेश जारी नही होने का जिक्र किया है।



लिपिक संघ के जिलाध्यक्ष संतोष शुक्ला ने बताया कि लिपिकों एवं भृत्यों के 10 से लेकर 30 वर्ष पूर्ण होने पर मिलने वाला समयमान वेतनमान काफी समय से लम्बित है। वहीं कुछ कर्मचारियों की परवीक्षा अवधि समाप्त होने के बाद भी आदेश जारी नहीं हुए हैं। इसके अलावा ई अटेंडेंस को लेकर संकुल शालाओं में कार्यरत लिपिकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्योंकि संकुल शाला के लिपिक को महिनेभर में कई बार वीईओ एवं डीईओ कार्यालय तथा कोषालय आना-जाना पड़ता है। ऐसे में बार-बार लोकेशन चेंज करना पड़ता है। जिससे कई बार उनकी अटेंडेंस नहीं लग पाती। इसे ध्यान में रखकर कर्मचारियों को ई-अटेंडेंस में छूट प्रदान की करने की मांग की है। साथ ही कुछ कर्मचारियों के लंबित अवकाश प्रकरणों पर संज्ञान लेने की बात कही है। जिला शिक्षा अधिकारी श्री रघुवंशी ने उनकी समस्याओं के शीघ्र निराकरण का भरोसा दिलाया है। इस मौके पर संगठन के एमएल सलकनपुरिया, डीएस चौहान, सुधा सिंह, उदय मंडलेकर, देवेंद्र ठाकुर, एनके स्थापक, मदन हर्णे, संजय पांडे, मनोज वर्मा, अमोद गांगोरे, शुभम मिश्रा, रामनरेश प्रजापति, दीपक बिडोरिया समेत अन्य कर्मचारी शामिल थे।

उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम...

## बालागांव सहित विभिन्न ग्रामों का अवलोकन

**अनोखा तीर, हरदा।**

उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत शनिवार को विकासखंड हरदा के जिला सह-समन्वयक मुकेश शर्मा एवं विकासखंड सह-समन्वयक मुकेश बारवें द्वारा सामाजिक चेतना केंद्र, माध्यमिक शाला बालागांव का अवलोकन किया गया। इस दौरान ग्राम नोडल अधिकारी ममता शर्मा उपस्थित रहीं। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार ग्राम बालागांव में असाक्षरों की संख्या 520 थी, जिसमें से 259 लोग साक्षर हो चुके हैं, जबकि 261 शेष हैं। अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से ग्राम की निजी शैक्षणिक संस्था गौर निकेतन विद्या मंदिर हायर सेकेंडरी, गुरुकुल हायर सेकेंडरी स्कूल बालागांव के संचालक राजेंद्र प्रसाद गौर तथा शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य राधेश्याम वर्मा से संपर्क किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम की जानकारी दी गई। छात्र-छात्राओं को समझाया गया कि असाक्षर वे व्यक्ति माने जाएंगे, जिन्हें कक्षा तीसरी तक की बुनियादी साक्षरता जैसे पढ़ना, लिखना, जोड़-घटाना में से किसी एक भी दक्षता का ज्ञान नहीं है। यदि किसी व्यक्ति में ये दक्षताएं हैं, लेकिन साक्षर होने का कोई प्रमाण नहीं है, तो उसे भी असाक्षर माना जाएगा। विद्यार्थियों से आग्रह किया गया कि वे अपने परिवार और पड़ोस में रहने वाले दादा-दादी, काका-काकी, भाई-बहन आदि का सर्वे कर जानकारी शिक्षकों को दें तथा ऐप के माध्यम से उन्हें पढ़ाकर अक्षर साथी बनें। इसी क्रम में ग्राम बूंदड़ा में वर्ष 2011 की जनसंख्या के आधार पर 179 में से 101 नव साक्षर हो चुके हैं, जबकि 78 शेष हैं। यहां ग्राम नोडल अधिकारी रीना वर्मा उपस्थित रहीं। ग्राम जिजगांव खुर्द में 2011 की जनसंख्या के अनुसार 357 में से 198 साक्षर हो चुके हैं तथा 159 शेष हैं, जहां ग्राम नोडल अधिकारी सुनीतालाल उपस्थित रहे। सभी ग्रामों में ग्राम नोडल अधिकारियों को सर्वे कार्य एवं सामाजिक चेतना केंद्र के संचालन के निर्देश दिए गए। साथ ही ग्राम में शासकीय एवं निजी संस्थाओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायकों से सहयोग लेने के लिए कहा गया। ग्राम बालागांव में 5 अक्षर साथी बनाए गए।

**न्यायालय तहसीलदार, तहसील हरदा, जिला हरदा, (म.प्र) (Rajendra-pawar) जिलाः हरदा)**

**विज्ञप्ति**

क्रमांक : 0001/अ-20(5)/2025-26 / रीडर / प्र. क्र.:
दिनांकः 19/12/2025

क्र. 2051

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम **कड़ोलाउबारी** तहसील **हरदा** जिला **हरदा** की शासकीय नजूल भूमि सर्वे नंबर 0, रकबा 0.8060, में से 4000, हैं। भूमि GRAM PANCHAYAT KADOLA UBARI को **भूमि आवंटन हेतु आवेदन** हेतु आवंटित किये जाने का आवेदन विचारार्थ लिया गया हैं। उक्त आवंटन में जिस किसी को कोई आपत्ति हो तो वह इस इश्तेहार जारी होने के दिनांक से प्रकरण में नियत आगामी (कम से कम 15 दिवस उपरांत) दिनांक 29/12/2025 के पूर्व अथवा उक्त दिनांक को अपनी आपत्ति ऑनलाइन अथवा लिखित रूप से न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्रस्तुत आपत्तियों पर विचार नहीं किया जायेगा

आज दिनांक 29/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर व पद मुद्रा से जारी किया गया है।

तहसीलदार
तहसील हरदा, जिला हरदा (म.प्र)
(Rajendra pawar)

## समाधान योजना का प्रथम चरण 31 दिसंबर तक, उठाएं सरचार्ज में सौ फीसदी तक छूट का लाभ

**अनोखा तीर, हरदा।** विगत 3 नवंबर से शुरू हुई समाधान योजना 2025-26 का लाभ लाखों बकायादार उपभोक्ता उठा रहे हैं। कंपनी के प्रबंध संचालक क्षितिज सिंघल ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि तीन माह से अधिक के बकायादार उपभोक्ता योजना के प्रथम चरण में ही अपना बकाया बिल एकमुश्त जमा करके सौ फीसदी तक सरचार्ज माफी का लाभ उठा सकते हैं। मध्य प्रदेश सरकार की समाधान योजना 2025-26 का प्रथम चरण चल रहा है, जोकि 31 दिसंबर 2025 को समाप्त होगा। इस दौरान बकायादार उपभोक्ताओं को सरचार्ज में अधिकतम छूट का लाभ मिल रहा है। हालांकि 1 जनवरी से 28 फरवरी 2026 तक दूसरा चरण चलेगा, लेकिन उसमें सरचार्ज माफी का प्रतिशत कम हो जाएगा, इसलिए प्रथम चरण में ही योजना में शामिल होकर अधिकतम लाभ उठाएं। अब तक मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के 2 लाख 46 हजार 372 बकायादार उपभोक्ताओं ने अपना पंजीयन कराकर लाभ लिया है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के खाते में 255 करोड़ 53 लाख से अधिक की मूल राशि जमा हुई है, जबकि 133 करोड़ 40 लाख का सरचार्ज माफ किया गया है। मध्यप्रदेश सरकार की समाधान योजना 2025-26 के लागू होने से ऐसे अनेक उपभोक्ता हैं जो बकाया बिल जमा कर रहे हैं और एकमुश्त बकाया जमा राशि जमा करने पर अधिकतम छूट का लाभ ले रहे हैं। यह योजना उन बकायादार उपभोक्ताओं के लिए वरदान बनी है जो सरचार्ज के कारण मूलधन राशि जमा नहीं कर पा रहे थे। अब उन्हें समाधान योजना के प्रथम चरण में सरचार्ज में 60 से लेकर 100 प्रतिशत तक छूट के साथ एकमुश्त अथवा किस्तों में भुगतान करने का विकल्प मिल रहा है।

समाधान योजना 2025-26 का उद्देश्य 3 माह से अधिक अवधि के उपभोक्ताओं को बकाया विलंबित भुगतान के सरचार्ज पर छूट प्रदान करना है। यह योजना जल्दी आएं, एकमुश्त भुगतान कर ज्यादा लाभ पाएं के सिद्धांत पर आधारित है। इस योजना में उपभोक्ता को प्रथम चरण में एकमुश्त भुगतान करने पर सबसे अधिक लाभ होगा जबकि द्वितीय चरण के दौरान छूट का प्रतिशत क्रमशः कम होता जाएगा। यह योजना दो चरणों में प्रारंभ होकर प्रथम चरण की शुरुआत 3 नवंबर से 31 दिसंबर 2025 तक रहेगी, जिसमें 60 से लेकर 100 प्रतिशत तक सरचार्ज माफ किया जाएगा। इसी तरह द्वितीय और अंतिम चरण में जो कि एक जनवरी से 28 फरवरी 2026 तक लागू रहेगी, इसमें 50 से 90 फ़ीसदी तक सरचार्ज माफ किया जाएगा। प्रथम चरण में एकमुश्त राशि जमा कराने पर अधिकतम लाभ होगा। समाधान योजना 2025-26 का लाभ उठाने के लिए उपभोक्ताओं को म.प्र. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के पोर्टल पर पंजीयन कराना होगा।

## भुआणा प्रांतीय गुर्जर महिला मंडल का गठन



**अनोखा तीर, मसनगांव।** भुआणा प्रांतीय गुर्जर महिला मंडल समिति का गठन ग्राम में किया गया, जिसमें हरदा की पदाधिकारियों द्वारा ग्राम में समिति गठित कर महिलाओं को जिम्मेदारी सौंपी गई। समिति में अध्यक्ष छाया पाटिल, उपाध्यक्ष लता भायरे, कोषाध्यक्ष रेखा भायरे, सचिव जयंती भायरे और सुनीता भायरे को बनाया गया। स्थानीय राधा कृष्ण मंदिर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं ने सक्रिय भागीदारी करते हुए महिला मंडल का गठन किया। इस दौरान हरदा से अंजू भायरे, सुरेखा भायरे, सुप्रिया पटेल और आराधना पाटिल उपस्थित थीं और उन्होंने समिति गठन में मार्गदर्शन किया। समिति का उद्देश्य समाज को नई दिशा प्रदान करना, सामाजिक कुरीतियों को दूर करना, समाज के पिछड़े और गरीब परिवार के विद्यार्थियों को सहायता देकर उन्हें आगे बढ़ाना जैसी गतिविधियों को संचालित करना है। जिला समिति द्वारा ग्राम स्तर पर भी इसी प्रकार की समितियों का गठन किया जा रहा है।

## सर्दी से बचाव के लिए ग्रामीणों ने जलाए अलाव



**अनोखा तीर, मसनगांव।** दिसंबर के महीने में मौसम का उतार-चढ़ाव जारी है। सुबह और शाम बढ़ती ठंड, जबकि दोपहर में तेज धूप, ग्रामीणों के लिए चुनौती बन गई है। पिछले पंद्रह दिनों से मौसम में लगातार बदलाव के कारण सर्दी, जुकाम और खांसी जैसी मौसमी बीमारियों के मरीज बढ़े हैं। पिछले बुधवार से आसमान साफ होने के बाद ठंड फिर से जोर पकड़ने लगी है। माना जा रहा है कि अच्छी सर्दी से रवि सीजन की फसल का उत्पादन बेहतर रहने की संभावना बनी रहती है। सर्दी से बचाव के लिए ग्रामीण सुबह और रात में अलाव जलाकर ठंड से बच रहे हैं। हालांकि पंचायत स्तर पर अलाव जलाने की सुविधा न होने के कारण ग्रामीणों को अपने घरों से लकड़ी और कंडे लाकर अलाव करना पड़ रहा है। ग्रामीण चौक-चौराहों पर बैठकर आग से हाथ सेकते नजर आ रहे हैं। ग्रामीण मुकेश पटवारे ने बताया कि सुबह जल्दी दुकान खोलने पर कई दोपहिया वाहन चालक ठंड में ठिठुरते हुए आते हैं, जिनके लिए अलाव जलाना आवश्यक होता है। सुबह से लगभग 9 बजे तक ग्रामीण और वाहन चालक आग के पास बैठकर सर्दी से राहत पा रहे हैं। रात्रि में भी गांव के कई स्थानों पर लोग इकट्ठे होकर आग जलाकर ठंड भगाने का प्रयास कर रहे हैं।

## हेल्प लाईन नंबर

| | |
|---|---|
| सीएम हेल्प लाईन | 181 |
| पुलिस | 100 |
| फायर बिग्रेड | 101 |
| एम्बुलेन्स | 108 |
| चाईल्ड हेल्प लाईन | 1098 |
| किसान कॉल सेंटर | 18001801551 |
| विद्युत शिकायत | 18002331912 |
| विद्युत सेवा | 1912 |
| पशु सेवा | 1962 |
| पुलिस सेवा | 112-100 |
| अग्नि सेवा | 101 |
| एम्बुलेन्स सेवा | 102 |
| यातायात पुलिस | 103 |
| आपदा प्रबंधन | 108 |
| चाईल्ड लाईन | 1098 |
| रेलवे पूछताछ | 139 |
| भ्रष्टाचार विरोधी | 1031 |
| रेल दुर्घटना | 1072 |
| सड़क दुर्घटना | 1073 |
| सीएम सहायता लाईन | 1076 |
| क्राईम सटायर | 1090 |
| महिला सहायता | 1091 |
| पृथ्वी भूकंप | 1092 |
| बाल शोषण सहायता | 1098 |
| किसान कॉल सेंटर | 1098 |
| नागरिक कॉल सेंटर | 1553003 |

# संपादकीय | सेंगर की सजा निलंबन पर उठे सवाल

एक ओर महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों पर लगाम नहीं लग पाना आज भी एक बड़ी चुनौती है, वहीं कानूनी नुक्तों का फायदा उठा कर बलात्कार जैसे जघन्य अपराध के दोषी को भी कई बार रियायत दे दी जाती है। संभव है कि कानून की किसी व्याख्या के मुताबिक, अदालत में बलात्कार के दोषी सिद्ध हुए व्यक्ति को जमानत का पात्र समझा जाए, लेकिन इससे पीड़ित महिला के लिए न्याय सुनिश्चित किए जाने की प्रक्रिया गंभीर रूप से बाधित होती है।

गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश के उन्नाव में एक नाबालिग लड़की से बलात्कार के मामले में वर्ष 2019 में पूर्व भाजपा विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को उम्रकैद की सजा हुई थी। अदालत ने भारतीय दंड संहिता के तहत बलात्कार के मामले और बच्चे-बच्चियों के यौन शोषण से सुरक्षा के कानून 'पाक्सो' में गंभीर यौन हिंसा के प्रावधानों के मुताबिक सजा दी थी। तब यह घटना देश भर में व्यापक चिंता और आक्रोश का कारण बनी थी। मगर अब दिल्ली हाई कोर्ट ने सेंगर की सजा को निलंबित करने का आदेश दे दिया। इस संदर्भ में एक अहम तथ्य यह है कि दोषी सिद्ध होने के बाद निचली अदालत ने साफ कहा था कि सेंगर को जीवन भर जेल में रहना होगा।

जाहिर है, अपराध की गंभीरता और प्रकृति के मद्देनजर निचली अदालत में सेंगर को मिली सजा को कानून के मुताबिक माना जा रहा था, लेकिन दिल्ली उच्च न्यायालय ने जिस आधार पर उस सजा को निलंबित करने का आदेश दिया, वह स्वाभाविक ही विवादों के घेरे में आ गया। अब सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर कर दिल्ली हाई कोर्ट के आदेश पर रोक लगाने की मांग की गई है।



दरअसल, इस घटना के बाद पीड़िता को जिन हालात का सामना करना पड़ा और उसके जीवन तक पर जिस तरह के जोखिम खड़े हुए थे, वे बेहद अप्रत्याशित थे, मगर उससे साफ था कि जघन्य अपराधों के बाद एक ऊंचे राजनीतिक रसूख वाला आरोपी पीड़िता को खामोश करने के लिए किस हद तक जा सकता है। इस दौरान पीड़िता के पिता की जान चली गई; एक ट्रक ने उस कार को टक्कर मार दी, जिसमें वह परिवार के अन्य लोगों के साथ जा रही थी। उस घटना में पीड़िता और उसका वकील बुरी तरह घायल हो गए, जबकि उसकी दो मौसियों की मौत हो गई। समझा जा सकता है कि इस पूरे मामले में पीड़िता को किस तरह के हालात का सामना करना पड़ा। अक्सर समूचे देश में महिलाओं के खिलाफ जघन्य अपराधों पर काबू पाने, खासकर बलात्कार के दोषियों के प्रति बेहद सख्त रुख अख्तियार करने और यहां तक कि फांसी की सजा की मांग की जाती है। मगर जब किसी रसूख वाले अपराधी की सजा को लेकर रियायत बरतने की खबर आती है, तब यह समझना मुश्किल हो जाता है कि आखिर कानून के काम करने के पैमाने क्या हैं!

यह बेवजह नहीं है कि तमाम कानूनी प्रावधानों के बावजूद इस अपराध का खौफ व्यापक स्तर पर महिलाओं के जीवन को प्रभावित करता है। बलात्कार के मामले में सजा होने की बेहद कम दर को लेकर पहले ही चिंता जताई जाती रही है। इसका मुख्य कारण कानून की बारीकियों के आधार पर कई बार वास्तविक दोषियों का बच निकलना रहा है।

कहा जाता है कि न्याय केवल होना नहीं चाहिए, बल्कि न्याय होते हुए दिखना भी चाहिए। मगर राजनीति या अन्य क्षेत्र में खासा प्रभाव रखने वाले सजायाफ्ता दोषी भी जब कानून से रियायत हासिल कर लेते हैं, तब न्याय की अवधारणा को गहरी चोट लगती है।

## 50 लाख बच्चों का भविष्य दांव पर



देशभर में लाखों बच्चे अगर परीक्षाओं में विफल हो रहे हैं, तो इसकी वजह क्या है? क्या इसे गंभीर चुनौती मान लेने भर से इस समस्या का निवारण हो जाएगा? क्या यह जानने का प्रयास नहीं होना चाहिए कि शिक्षा में गुणवत्ता आखिर कहां कम रह गई और इसकी वजह क्या थी? विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा नहीं मिल पा रही है, तो जाहिर है कि पूरी व्यवस्था को अब दुरुस्त करने की जरूरत है। केवल चिंता जता देने और सतही कदम उठा लेने भर से काम नहीं चलेगा। फिलहाल तथ्य यही है कि देश में दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं में हर वर्ष करीब पचास लाख विद्यार्थी विफल हो रहे हैं। इनमें अधिकतर विद्यार्थी पढ़ाई छोड़ देते हैं। खासतौर से लड़कियां विद्यालय नहीं लौटतीं। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लड़के परिवार का बोझ उठाने के लिए काम करने लग जाते हैं। यह शिक्षा व्यवस्था की नाकामी तो है ही, वहीं शिक्षित भारत बनाने के लक्ष्य पर भी आघात है। इतनी बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की विफलता बताती है कि विद्यालयी शिक्षा को हम गंभीरता से नहीं ले रहे। अब केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने इसे गंभीर चुनौती मानते हुए ऐसे विद्यार्थियों को दोबारा मुख्यधारा से जोड़ने की पहल की है। इसके तहत राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान को जिम्मेदारी सौंपी गई है कि वह विद्यार्थियों तक पहुंचे और उन्हें पढ़ाई बीच में न छोड़ने के लिए प्रोत्साहित करे। मगर सच यह है कि पिछले कई वर्षों से शिक्षा के दूरगामी लक्ष्यों पर ध्यान नहीं दिया गया है। सरकारी विद्यालयों में शिक्षकों का अभाव किसी से छिपा नहीं है। कई राज्यों में तो कहीं-कहीं एक या दो शिक्षकों के भरोसे विद्यालय चलने की खबरें आई हैं। आए दिन शिक्षकों को शिक्षण कार्य से अलग दूसरे कार्यों में लगा दिया जाता है। मध्याह्न भोजन योजना से लेकर जनगणना, आधार सत्यापन और चुनावी कार्य में उन्हें उलझाए रखना कोई नई बात नहीं। ऐसे में बच्चों को शिक्षा देने का मूल कार्य प्रायः हाशिये पर चला जाता है। उनका पाठ्यक्रम तक पूरा नहीं होता और वे पढ़ाई में निरंतर पिछड़ते चले जाते हैं। देश में ऐसा परिदृश्य बन रहा है, तो इसके लिए जिम्मेदार कौन है? सरकार इस स्थिति से अनजान नहीं है। उसे इस दिशा में सतही उपाय करने के बजाय ठोस कदम उठाने होंगे।

## आज का कार्टून




## बच्चों का भविष्य और सोशल मीडिया

# भारत के लिए चेतावनी और अवसर



ऑस्ट्रेलिया द्वारा 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म–इंस्टाग्राम, यूट्यूब, फेसबुक आदि–पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निर्णय विश्व-स्तर पर एक ऐतिहासिक और साहसिक कदम माना जा रहा है। यह केवल तकनीकी निर्णय नहीं, बल्कि बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य, नैतिक विकास और डिजिटल सुरक्षा को लेकर वैश्विक चिंता का स्पष्ट संकेत है। ऑस्ट्रेलिया के इस निर्णय के बाद भारत सहित कई देशों में यह प्रश्न गंभीरता से उठने लगा है कि क्या बच्चों के हाथ में अनियंत्रित डिजिटल दुनिया सौंप देना उचित है?

भारत में स्थिति - स्वतंत्रता या लापरवाही?

भारत विश्व का सबसे बड़ा इंटरनेट उपभोक्ता देश बनने की ओर अग्रसर है। यहां करोड़ों बच्चे और किशोर प्रतिदिन सोशल मीडिया पर सक्रिय हैं। शिक्षा, मनोरंजन और जानकारी के साथ-साथ यह प्लेटफॉर्म अश्लीलता, साइबर बुलिंग, फेक न्यूज़, हिंसक कंटेंट और ऑनलाइन शोषण का माध्यम भी बनता जा रहा है।

आज भारत में सोशल मीडिया के उपयोग पर बच्चों के लिए कोई स्पष्ट कानूनी आयु-सीमा लागू नहीं है। तकनीकी कंपनियां 'उम्र पूछने' की औपचारिकता निभा देती हैं, लेकिन वास्तविक सत्यापन नहीं होता। इसका परिणाम यह है कि 8-10 वर्ष के बच्चे भी बिना रोक-टोक डिजिटल प्लेटफॉर्म पर मौजूद हैं।

चाइल्ड पोर्नोग्राफी - सबसे बड़ा डिजिटल अपराध

भारत में ऑनलाइन चाइल्ड पोर्नोग्राफी और यौन शोषण से जुड़े मामलों में लगातार वृद्धि हो रही है। यह केवल कानून-व्यवस्था का मुद्दा नहीं, बल्कि सामाजिक और नैतिक संकट है। इंटरनेट पर उपलब्ध आपत्तिजनक कंटेंट बच्चों के मनोविज्ञान को गहराई से प्रभावित करता है, जिससे अवसाद, हिंसक प्रवृत्ति और अपराध की ओर झुकाव बढ़ता है।

अन्य देशों का मॉडल - प्रतिबंध नहीं, लेकिन सख्त निगरानी इजराइल, यूरोपीय संघ, अमेरिका, जापान, दक्षिण कोरिया, ब्राजील, सिंगापुर और चीन जैसे देशों ने पूर्ण प्रतिबंध की जगह कड़े नियम, आयु-सत्यापन, डेटा सुरक्षा कानून और सरकारी निगरानी को अपनाया है।

इन देशों में–

बच्चों के अकाउंट पर विज्ञापन सीमित हैं

संवेदनशील कंटेंट स्वतः ब्लॉक होता है

प्लेटफॉर्म कंपनियों पर भारी जुर्माने का प्रावधान है

पैरेंट कंट्रोल - समाधान या अस्थायी उपाय?

पैरेंट कंट्रोल ऐप्स एक उपयोगी साधन हैं, लेकिन इन्हें एकमात्र समाधान मानना भ्रम है। भारत जैसे देश में जहां डिजिटल साक्षरता सीमित है, वहां सभी अभिभावक इन तकनीकों का सही उपयोग नहीं कर पाते।

इसलिए आवश्यक है कि–

स्कूलों में डिजिटल एथिक्स और साइबर सुरक्षा शिक्षा अनिवार्य हो

माता-पिता को प्रशिक्षण और जागरूकता दी जाए



बच्चों को डिजिटल अनुशासन सिखाया जाए

भारत के लिए क्या रास्ता?

भारत को ऑस्ट्रेलिया की नकल करने से पहले अपनी सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियों को समझना होगा। यहां पूर्ण प्रतिबंध व्यावहारिक न हो, लेकिन निम्न कदम अनिवार्य हैं–

16 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए सख्त सोशल मीडिया नियम

आयु सत्यापन की कानूनी बाध्यता

चाइल्ड पोर्नोग्राफी पर जीरो टॉलरेंस नीति

सोशल मीडिया कंपनियों की जवाबदेही तय करना

डिजिटल स्वास्थ्य को राष्ट्रीय नीति का हिस्सा बनाना

अंत में हम यह कह सकते हैं कि डिजिटल तकनीक विकास का साधन है, लेकिन बिना नियंत्रण यह विनाश का कारण भी बन सकती है। बच्चों का बचपन रील और लाइक की दौड़ में खो जाए, इससे पहले भारत को सजग होना होगा।

स्वतंत्रता और सुरक्षा के बीच संतुलन ही सच्चा लोकतांत्रिक समाधान है।

ऑस्ट्रेलिया का निर्णय भारत के लिए चेतावनी भी है और अवसर भी–अब फैसला हमें करना है कि हम अपने बच्चों को कैसा भविष्य देना चाहते हैं।

**ज्योतिष...**

# परिवर्तन, परिपक्वता और संतुलन का वर्ष 2026

-विजय कुमार शर्मा



ज्योतिषीय दृष्टि से वर्ष 2026 अनेक महत्वपूर्ण ग्रह परिवर्तनों और योगों का साक्षी बनने जा रहा है। यह वर्ष व्यक्तिगत जीवन, सामाजिक संरचना, राजनीति, अर्थव्यवस्था और आध्यात्मिक चेतना सभी स्तरों पर परिवर्तन का संकेत देता है। शनि, गुरु, राहु और केतु की चाल विशेष रूप से इस वर्ष को निर्णायक बनाएगी।

वर्ष की शुरुआत में शनि मीन राशि में स्थित रहेंगे। शनि का यह गोचर कर्म, अनुशासन, सेवा और आत्ममंथन पर बल देगा। समाज में दिखावे से हटकर वास्तविक परिश्रम और ईमानदारी को महत्व मिलेगा। जो लोग लंबे समय से मेहनत कर रहे हैं, उन्हें धीरे धीरे स्थायी सफलता मिलने के योग बनेंगे। शिक्षा, चिकित्सा, आध्यात्म और सामाजिक सेवा से जुड़े क्षेत्रों में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिल सकते हैं।

गुरु वर्ष 2026 के मध्य तक वृषभ राशि में और उसके बाद मिथुन राशि में प्रवेश करेंगे। गुरु का यह परिवर्तन ज्ञान, संवाद, व्यापार और शिक्षा के क्षेत्र में नई संभावनाएं खोलेगा। युवाओं के लिए यह वर्ष सीखने, कौशल बढ़ाने और नई दिशा तय करने वाला हो सकता है। लेखन, मीडिया, अध्यापन, परामर्श और तकनीकी क्षेत्रों में प्रगति के संकेत हैं।

राहु और केतु का गोचर इस वर्ष मानसिकता और दृष्टिकोण में बदलाव लाएगा। राहु सांसारिक महत्वाकांक्षाओं को तेज करेगा जबकि केतु वैराग्य और आत्मचिंतन की ओर प्रेरित करेगा। इसके कारण कई लोग जीवन की प्राथमिकताओं पर पुनर्विचार करेंगे। भौतिक उपलब्धियों के साथ साथ आंतरिक संतुलन की तलाश भी बढ़ेगी।

राजनीतिक और सामाजिक दृष्टि से वर्ष 2026 में परिवर्तन और पुनर्गठन के संकेत मिलते हैं। पुरानी नीतियों और व्यवस्थाओं की समीक्षा होगी। जनसरोकार, पारदर्शिता और जवाबदेही जैसे विषय प्रमुख रहेंगे। कुछ अप्रत्याशित घटनाएं भी हो सकती हैं, जो नई दिशा तय करेंगी।

आर्थिक रूप से यह वर्ष संयम और दीर्घकालीन योजना की मांग करता है। त्वरित लाभ के बजाय स्थायी निवेश और ठोस आधार पर किए गए प्रयास अधिक फलदायी होंगे। कृषि, प्राकृतिक संसाधन, शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़े क्षेत्रों में स्थिरता और विस्तार की संभावना है।

व्यक्तिगत जीवन में वर्ष 2026 आत्मविकास का वर्ष कहा जा सकता है। संबंधों में स्पष्टता, धैर्य और संवाद की आवश्यकता रहेगी। जो लोग अपने भीतर झांकने और स्वयं को सुधारने का प्रयास करेंगे, उन्हें मानसिक शांति और संतोष की अनुभूति होगी। आध्यात्मिक साधना, योग और ध्यान की ओर रुझान बढ़ सकता है।


कुल मिलाकर ज्योतिष की दृष्टि से साल 2026 परिवर्तन, परिपक्वता और संतुलन का वर्ष है। यह वर्ष सिखाता है कि स्थायी सफलता और सुख केवल बाहरी उपलब्धियों से नहीं, बल्कि आंतरिक अनुशासन, विवेक और सकारात्मक कर्मों से प्राप्त होते हैं।

# अरावली पर्वतमाला राष्ट्रीय धरोहर, बचाना जरूरी

> पिछले कुछ वर्षों में, एक के बाद एक जंगल सड़कों, पुलों, हवाई अड्डों और बिजली संयंत्रों के निर्माण में हमारे वन कटते जा रहे हैं. मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, अंडमान निकोबार, महाराष्ट्र, असम या उत्तराखंड- आप किसी भी क्षेत्र का नाम लीजिए, आपको वहां प्राकृतिक संपदा का सुनियोजित तरीके से दोहन होता दिखेगा. यह लूट जाहिर तौर पर जनहित के नाम पर की जा रही है, लेकिन जनता की आवाज को अनसुना किया जा रहा है. अरावली पर्वतमाला अपने सबसे बुरे दौर से गुजर रही है. एक बार खनन कंपनियां कदम रख दें तो देखते ही देखते यह संरक्षित क्षेत्र गायब हो जाएगा.

**अभिलाष खांडेकर**

भारत की सबसे प्राचीन पर्वत श्रृंखला - अरावली - को लेकर मची हलचल निराशाजनक होने के साथ-साथ थोड़ी खुशी भी देती है. निराशाजनक इसलिए है क्योंकि केंद्र सरकार की सिफारिशों के बाद सुप्रीम कोर्ट ने अरावली की जिस परिभाषा को स्वीकार किया है, उसके अनुसार आसपास की जमीन से कम से कम 100 मीटर ऊंचे जमीन के हिस्से को ही अरावली पहाड़ी माना जाएगा. और खुशी यह है कि दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और गुजरात राज्यों से होकर गुजरने वाली इस पर्वत श्रृंखला को बचाने के लिए पूरे देश में काफी हंगामा मचा हुआ है. लोग लाखों साल पुरानी इस प्राकृतिक धरोहर को बचाने के लिए विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं. यह दिखाता है कि पर्यावरण के प्रति जागरूक ये अज्ञात चेहरे और आवाजें अपने लिए कोई खदान या बंदरगाह नहीं मांग रही हैं. ये परोपकारी लोगों का एक बड़ा समूह है जो उसे बचाने की पूरी कोशिश कर रहे हैं जो उनका नहीं बल्कि राष्ट्र का गौरव है. हर जगह से अरावली बचाओ की आवाजें सुनाई दे रही हैं. क्या इसे आने वाले वर्षों में नष्ट होने से बचाने के लिए आज ही कोशिश नहीं की जानी चाहिए? क्या यह सामूहिक आवाजें सही नहीं हैं? राहत की बात है कि अरावली पर्वतमाला को लेकर खड़े हुए



विवाद के बीच केंद्र सरकार ने अरावली रेंज में नया खनन पट्टा देने पर पूरी तरह से रोक लगा दी है.

अरावली पर्वतमाला दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) की जीवनरेखा है, जो पहले से ही अभूतपूर्व प्रदूषण और सबसे खराब वायु गुणवत्ता से जूझ रही है, जिससे हमारे देश की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बदनामी हो रही है. पर्यावरण की रक्षा करना, स्वच्छ हवा और पानी उपलब्ध कराना, पेड़ों और जल निकायों को बचाना, वन्यजीवों का संरक्षण करना और भारतीय नागरिकों के स्वास्थ्य की देखभाल करना किसी भी सरकार का प्राथमिक कर्तव्य है, ठीक उसी तरह जैसे बुनियादी ढांचा और रोजगार उपलब्ध कराना.

भारत में प्रकृति संरक्षण के संबंध में समय-समय पर अनगिनत कानून और नियम, समितियां और प्राधिकरण (राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण) और बोर्ड (राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड) गठित किए गए हैं. वन अधिनियम, जल अधिनियम, पर्यावरण अधिनियम, आर्द्रभूमि नियम, वन्यजीव संरक्षण अधिनियम आदि राष्ट्रीय संपदा की रक्षा के लिए बनाए गए हैं, जो मानव जाति के अस्तित्व के लिए अत्यंत आवश्यक है.

संसद द्वारा पारित और किसी न किसी मंत्रालय द्वारा गठित इन सभी कानूनी दस्तावेजों और निकायों का सार भावी पीढ़ियों के लिए देश की प्राकृतिक संपदा की रक्षा करना है. लोगों को सांस लेने के लिए स्वच्छ हवा चाहिए और उन्हें पानी, दवाइयां, भोजन और जीवन के लिए ऑक्सीजन जैसे अन्य प्राकृतिक संसाधनों की आवश्यकता होती है. प्रकृति हमें ये सब निःशुल्क प्रदान करती है.

लेकिन बढ़ती आबादी (कल्पना कीजिए कि दिल्ली और एनसीआर में कितने लोग रहते हैं) और बुनियादी ढांचागत गतिविधियों के प्रति अविवेकी प्रोत्साहन व लालच के कारण, वह पर्यावरण जो न्यायाधीशों और राजनेताओं सहित हम सभी को ठीक से सांस लेने में मदद करता है, सरकार के ऐसे निर्णयों के कारण खतरनाक रूप से प्रभावित हो रहा है. जमीन से 100 मीटर से कम ऊंचाई पर खनन गतिविधि की अनुमति देने के मुद्दे को - भले ही वह बहुत कम मात्रा में हो - इस परिप्रेक्ष्य में देखा जाना चाहिए. अरावली पर्वतमाला का यह हरा-भरा विशाल क्षेत्र लंबे समय से विवाद का विषय रहा है.

अरावली पर्वतमाला के एक बड़े हिस्से वाले अलवर से निर्वाचित केंद्रीय वन मंत्री भूपेंद्र यादव अपने मंत्रालय के फैसले का बचाव करते हुए कह रहे हैं कि अरावली के बहुत छोटे हिस्से में ही खनन की अनुमति दी जा रही है. लेकिन सच्चाई यह है कि खनन कंपनियों के लालच को देखते हुए यह निगरानी करना असंभव है कि वास्तव में कितना खनन होगा. आदर्श रूप से, अरावली को किसी भी औद्योगिक, आवासीय और खनन गतिविधि के लिए पूरी तरह से प्रतिबंधित क्षेत्र होना चाहिए. यह कई दुर्लभ जीव-जंतुओं और वनस्पतियों का घर है. यह दिल्ली और राजस्थान के बीच एक प्राकृतिक पर्दे का काम करता है और प्रदूषण को काफी हद तक रोकता है.

पिछले कुछ वर्षों में, एक के बाद एक जंगल सड़कों, पुलों, हवाई अड्डों और बिजली संयंत्रों के निर्माण में हमारे वन कटते जा रहे हैं. मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, अंडमान निकोबार, महाराष्ट्र, असम या उत्तराखंड- आप किसी भी क्षेत्र का नाम लीजिए, आपको वहां प्राकृतिक संपदा का सुनियोजित तरीके से दोहन होता दिखेगा. यह लूट जाहिर तौर पर जनहित के नाम पर की जा रही है, लेकिन जनता की आवाज को अनसुना किया जा रहा है. अरावली पर्वतमाला अपने सबसे बुरे दौर से गुजर रही है. एक बार खनन कंपनियां कदम रख दें तो देखते ही देखते यह संरक्षित क्षेत्र गायब हो जाएगा. ऐसा कई अन्य जगहों पर भी हो चुका है.

राहत की बात है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस भीषण पर्यावरणीय क्षति को रोकने के लिए आगे आए हैं और केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय ने हरियाणा, राजस्थान और गुजरात के मुख्य सचिवों को बुधवार को लिखे पत्र में साफ कहा है कि जब तक सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के तहत व उसकी ओर से मंजूर की गई नीति के तहत अरावली के संरक्षण और खनन के लिए नए क्षेत्रों की पहचान नहीं हो जाती है तब तक अरावली रेंज में नया खनन पट्टा देने पर प्रतिबंध लागू रहेगा.

## सार-समाचार

### बालखड़सुरा बालाजी धाम में दो दिवसीय महायज्ञ संपन्न

**अनोखा तीर, खंडवा।** जिले के छैगांव माखन क्षेत्र स्थित प्राचीन तपोभूमि बलखड़सुरा बालाजी हनुमान धाम में योगी ज्ञानेश्वर नाथ की पुण्यतिथि पर प्रतिवर्षानुसार दो दिवसीय महायज्ञ का आयोजन किया गया। धार्मिक



आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। प्रथम दिवस रामार्चन एवं राम दरबार पूजन संपन्न हुआ। द्वितीय दिवस योग आसन, संस्कार शिक्षण कार्यक्रम के साथ लगभग 300 कन्याओं और बच्चों द्वारा हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ कराया गया। इस अवसर पर वर्तमान समय में हनुमान चालीसा की महत्ता पर प्रकाश डाला गया। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि महायज्ञ के समापन पर हवन पूर्णाहुति के पश्चात महाप्रसादी भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे से पूर्व कन्याओं एवं उपस्थित साधु-संतों का पूजन कर सम्मान किया गया। इसके बाद क्षेत्रवासियों ने महाप्रसाद ग्रहण किया। आयोजन में भारत विकास परिषद की प्रांतीय पदाधिकारी प्रियंका जिग्नेश पटेल, अखिलेश गुप्ता परिवार, दीपू मिठाई वाला परिवार सहित अनेक श्रद्धालुओं और सेवकों का सहयोग रहा। संपूर्ण यज्ञ, पूजन एवं हवन आचार्य त्यागी महाराज के मार्गदर्शन में पं. प्रमोद खेड़े एवं पंडित विपिन उपाध्याय द्वारा संपन्न कराया गया। मंदिर आश्रम के प्रमुख व्यवस्थापक जगन्नाथ बाबाजी एवं उप महंत त्यागी महाराज ने आयोजन में सहयोग करने वाले सभी भक्तों और क्षेत्रवासियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### सोनूद पंचायत में सरपंच पद के लिए मतदान 29 दिसंबर को

**अनोखा तीर, खंडवा।** मप्र राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल ने जिले के छैगांवमाखन ब्लॉक की ग्राम पंचायत सोनूद में रिक्त सरपंच पद की पूर्ति के लिए उप निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा की है। जारी कार्यक्रम के अनुसार मतदान 29 दिसंबर को प्रात: 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋषव गुप्ता ने निगोशिएबल इन्स्ट्रुमेंट्स एक्ट के अंतर्गत सोनूद पंचायत क्षेत्र में सार्वजनिक अवकाश घोषित करने के आदेश जारी किए हैं। उन्होंने सोनूद पंचायत क्षेत्र में कार्यरत उद्योग, कारखाने, व्यापारिक प्रतिष्ठान, दुकानो में कार्य करने वाले श्रमिकों को मतदान का अवसर देने के लिए मतदान की तारीख 29 दिसंबर को साप्ताहिक अवकाश की सुविधा दिलाने के निर्देश भी श्रम विभाग के अधिकारियों को दिए हैं।

### उमंग पिकनिक में दिव्यांग बच्चों के चेहरे खिले

**अनोखा तीर, खंडवा।** सेवा और संवेदना के भाव के साथ लायन्स क्लब खंडवा, लियो क्लब खंडवा एवं सक्षम संस्था के संयुक्त तत्वावधान में दिव्यांग बच्चों के लिए एक दिवसीय पिकनिक उमंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत लालचौकी स्थित दिव्यांग आश्रम के बच्चों को भ्रमण और मनोरंजन का अवसर प्रदान किया गया। नारायण बाहेती ने बताया कि बच्चों को पहले नागचुन क्षेत्र का भ्रमण कराया गया, इसके बाद रामेश्वर नगर स्थित गुरु गोविंद सिंह उद्यान में खेल, झूले, संगीत और नृत्य गतिविधियां आयोजित की गईं। इन गतिविधियों से बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। बच्चों का मनोबल बढ़ाने के लिए उन्हें उपहार भी दिए गए। कार्यक्रम




में बच्चों के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखते हुए नरम, सुपाच्य भोजन और ताजे फल उपलब्ध कराए गए। लायन्स, लियो एवं सक्षम संस्था के सदस्यों ने बच्चों के साथ समय बिताकर कार्यक्रम को और यादगार बनाया। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि आयोजन में कार्यक्रम संयोजक घनश्याम वाधवा, अध्यक्ष आशा उपाध्याय, राजीव मालवीय, अशोक नावानी, राकेश मालवीय, संजय भट्ट और मोनू पालीवाल का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में लायन्स, लियो एवं सक्षम संस्था के अनेक पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे। दिव्यांग आश्रम की संचालिका अंजली शिंदे एवं आश्रम प्रबंधन ने इस मानवीय पहल के लिए सभी संस्थाओं का आभार व्यक्त किया।

### खंडवा जिले में इस वर्ष 9250 नए विद्युत कनेक्शन दिए गए

**अनोखा तीर, खंडवा।** मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा इस कैलेंडर वर्ष में इंदौर एवं उज्जैन संभाग के विभिन्न जिलों में अब तक 1 लाख 71 हजार 500 नए बिजली कनेक्शन जारी किए गए है। यह पिछले वर्ष से करीब दस प्रतिशत ज्यादा है। इंदौर राजस्व संभाग में करीब 1.10 लाख कनेक्शन जारी हुए है। इनमें खंडवा जिले में 9250, धार जिले में 13300, खरगोन जिले में 12000, बड़वानी में 6800, बुरहानपुर में 6740, झाबुआ में 5300, अलीराजपुर में 3100 तथा इंदौर जिले में 51 हजार से ज्यादा कनेक्शन दिए गए है। मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह ने बताया कि मांग के मुताबिक नए सर्विस कनेक्शन एनएससी प्रदान किए जा रहे हैं, ये कनेक्शन ऑन लाइन या ऑफ लाइन दोनों प्रकार के आवेदन दर्ज कर विधिवित दस्तावेजों के साथ प्राप्त किए जा सकते है। सभी नए कनेक्शनों एवं जारी बिल, लोड इत्यादि की जानकारी संबंधित उपभोक्ता पोर्टल एवं पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के ऊर्जस ऐप से प्राप्त भी कर सकते हैं।

# नवग्रह मेले में सीसीटीवी टेंडर में 'महाघोटाला'

खरगोन के नवग्रह मेले में सीसीटीवी कैमरे लगाने को लेकर जारी टेंडर अब गंभीर विवादों में घिर गया है। टेंडर की तारीखों, शर्तों और राशि को लेकर लगातार विरोधाभासी तथ्य सामने आ रहे हैं। न तो टेंडर दस्तावेज में यह स्पष्ट है कि कितने कैमरे लगाए जाएंगे, न ही उनकी तकनीकी गुणवत्ता का उल्लेख है। वर्षों से जहां यह व्यवस्था लगभग 2 लाख में होती रही, वहीं इस बार राशि 5 गुना तक बढ़ा दी गई। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि टेंडर की कुल राशि पर खुद नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारी भी स्पष्ट जानकारी नहीं दे पा रहे हैं, जिससे पूरी प्रक्रिया की पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

● मुखिया के सामने खुलेगा टेंडर का खेल! ● नियमों की अनदेखी या सुनियोजित 'सेटिंग' ?

### निष्पक्ष जांच और स्पष्ट शर्तों के साथ नया टेंडर जारी करने की अपील

**अनोखा तीर, खरगोन।**

नवग्रह मेले की सुरक्षा के नाम पर नगर पालिका में बड़ा सवाल खड़ा हो गया है। मेले की अवधि तक सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने के लिए जारी टेंडर में गंभीर अनियमितताएं सामने आ रही हैं। 70 पेज के टेंडर में ज़रूरी जानकारी नदारद है। टेंडर दस्तावेज में यह तक स्पष्ट नहीं सीसीटीवी किस तकनीक के होंगे कितने मेगापिक्सल के कैमरे लगाए जाएंगे, कुल कैमरों की संख्या, एनवीआर/डीवीआर कितने होंगे, इतना ही नहीं, दस्तावेज के कई पृष्ठ अधूरे या बिना विवरण के पाए गए।

अस्पष्ट तकनीकी शर्तों के कारण अनुभवी व योग्य फर्म टेंडर से बाहर हो गई। सूत्रों का कहना है कि जानबूझकर शर्तें ऐसी रखी गईं ताकि प्रतिस्पर्धा ही न हो। सोमवार को जिले की कलेक्टर श्रीमती भव्या मित्तल को लिखित शिकायत सौंपकर इस पूरे टेंडर को निरस्त कर पुनः टेंडर जारी करने की मांग की जाएगी। शिकायत में यह भी उल्लेख किया जाएगा कि अस्पष्ट शर्तों के कारण प्रतिस्पर्धा समाप्त हो गई, जिससे यह टेंडर पहले से तय फर्म को लाभ पहुंचाने की मंशा से किया गया प्रतीत होता है। हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ वाले नवग्रह मेले में सुरक्षा व्यवस्था के लिए सीसीटीवी बेहद संवेदनशील विषय है।



ऐसे में लापरवाह और संदिग्ध टेंडर प्रक्रिया को जनहित के खिलाफ बताया गया है। कलेक्टर से मांग की जाएगी कि पूरे टेंडर की निष्पक्ष एवं स्वतंत्र जांच कराई जाए मौजूदा टेंडर को तत्काल निरस्त किया जाए स्पष्ट तकनीकी शर्तों के साथ पुनः टेंडर जारी किया जाए।

**सीसीटीवी टेंडर में लागत का रहस्यमय उछाल-** नपा के सूत्रों के अनुसार पिछले वर्ष नवग्रह मेले में लगभग 90 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे, जिनका भुगतान करीब 2 लाख रु किया गया था। पिछले कई वर्षों से नवग्रह मेले में लगभग 2 लाख के अनुमान से सीसीटीवी कैमरे लगाए जाते रहे, कैमरों की संख्या और अवधि लगभग समान रही इसके बावजूद इस वर्ष टेंडर राशि को करीब 5 गुना बढ़ा दिया गया

#### उपयंत्री का बयान बना सवाल

उपयंत्री जितेंद्र मीणा ने पहले बताया कि मेले में सीसीटीवी लगाने का टेंडर पांच लाख रुपए का जारी हुआ है। जब उनसे स्पष्ट किया गया कि टेंडर राशि रुपए 5 लाख नहीं बल्कि रुपए 10 लाख की बताई जा रही है, तो उनका जवाब और भी चौंकाने वाला रहा पेपर देख- देखकर बताता हूँ। जब अधिकारी भ्रम में, तो पारदर्शिता कैसे ? जिस टेंडर में राशि को लेकर स्पष्टता नहीं है तकनीकी विवरण अधूरे कैमरों की संख्या तक तय नहीं और अब जिम्मेदार अधिकारी खुद टेंडर की रकम नहीं बता पा रहे, तो यह सवाल स्वाभाविक है कि क्या यह टेंडर बिना ठोस तैयारी के जारी किया गया ? या फिर जान बूझकर चीजें अस्पष्ट रखी गईं ?

**स्थानीय विक्रेताओं का बड़ा खुलासा-** खरगोन की स्थानीय अधिकृत सीसीटीवी विक्रेता फर्मों का कहना है कि नवग्रह मेले में जितने भी कैमरे लगाए जाते हैं, उनकी कुल लागत तीन से चार लाख रुपए से कम होती है। ऐसे में सवाल उठता है कि जब लागत 4 लाख से कम है जब कैमरे अस्थायी अवधि के लिए लगते हैं तो नगर पालिका ने टेंडर निकालने की जरूरत ही क्यों महसूस की सीधे खरीद क्यों नहीं की गई विशेषज्ञों का कहना है कि नगर पालिका सीधे खरीद कर कैमरे लगवा सकती थी इससे समय, पैसा और विवाद तीनों से बचा जा सकता था फिर भी 5 गुना राशि का टेंडर निकालना नियत पर सवाल खड़े करता है।

किशोर कुमार को भारत रत्न मिलना चाहिए: अभिनेत्री एलीना

# बॉलीवुड स्टार नाइट में कार्यक्रम देने पहुंची अभिनेत्री एलिना



**समाधि पर किशोर दा को किया नमन**

**अनोखा तीर, खंडवा।**

किशोर कुमार की नगरी खंडवा में आयोजित बॉलीवुड स्टार नाइट कार्यक्रम में शामिल होने पहुंची अभिनेत्री एलीना और बॉलीवुड सिंगर व म्यूजिक डायरेक्टर योगेंद्र वाघे ने शनिवार को किशोर कुमार की समाधि पर पहुंचकर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान दोनों कलाकारों ने किशोर कुमार के गीत भी गुनगुनाए और उन्हें नमन किया। समाधि स्थल पर अभिनेत्री एलीना भावुक नजर आईं। उन्होंने कहा कि किशोर कुमार जैसा हरफनमौला कलाकार न पहले था और न आगे होगा। ऐसे महान कलाकार को निश्चित रूप से भारत रत्न से सम्मानित किया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि भारत के साथ-साथ रूस में भी किशोर कुमार के लाखों प्रशंसक हैं और उनकी आवाज आज भी लोगों के दिलों को जोड़ती है। गायक और संगीतकार योगेंद्र वाघे ने कहा कि उनका जन्म दादाजी धूनी वाले और किशोर कुमार की नगरी खंडवा में हुआ, जिसे वे अपना सौभाग्य मानते हैं। संगीत के क्षेत्र में जो भी उपलब्धि मिली है, वह किशोर कुमार और दादाजी के आशीर्वाद से ही संभव हो सकी है। उन्होंने बताया कि प्रतिवर्ष मुंबई के कलाकारों को साथ लाकर खंडवा में निःशुल्क बॉलीवुड स्टार नाइट का आयोजन किया जाता है, ताकि लोग संगीत से जुड़े रहें। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि खंडवा प्रवास के दौरान अभिनेत्री एलीना शहर में आयोजित बॉलीवुड स्टार नाइट कार्यक्रम में योगेंद्र वाघे के साथ प्रस्तुति देंगी, जिसे लेकर दर्शकों में उत्साह बना हुआ है। समाधि स्थल पर किशोर सांस्कृतिक प्रेरणा मंच की ओर से कलाकारों का स्वागत अभिनंदन किया गया।

### विशाल नगर में श्रीमद भागवत कथा का आमंत्रण

**अनोखा तीर, खंडवा।** विशाल नगर में 1 जनवरी से प्रारंभ होने वाली श्रीमद भागवत कथा को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आयोजक सतनाम सिंह होरा ने बताया कि श्रीमद भागवत कथा का आयोजन प्रतिवर्ष महोत्सव के रूप में किया जाता है। इस वर्ष कथा अष्टसखामृत स्वरूप में होगी, जिसमें भगवान के आठ सखाओं का विशेष वर्णन व्यास द्वारा किया जाएगा।




उन्होंने बताया कि मयूर विहार में आयोजित होने वाली भागवत कथा में विशेष परिक्रमा मार्ग की व्यवस्था की जाती है, जो इसे विशिष्ट बनाती है। श्रद्धालु भावपूर्वक परिक्रमा कर भगवान से मन की कामना कर सकते हैं, जिन्हें ठाकुरजी द्वारा पूर्ण किए जाने के अनेक उदाहरण सामने आए हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ. नरेन्द्र सिंह चौहान ने कहा कि भागवत कथा श्रवण से श्रद्धालुओं को पुण्य लाभ प्राप्त होता है। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों को इस आध्यात्मिक आयोजन से जोड़ने का आह्वान किया। बैठक में राजेश कामले, मुकेश डिकसन, चितर भावसार, गिरीश एवले, कालूराम लोमारे, रूपसिंह सोलंकी, रमाकांत पाराशर, जगदीश प्रसाद, गोविंद गोस्वामी, आशीष जायसवाल, चंद्रहास सोनी, विक्रम यादव, धर्मेंद्र शर्मा, सीएम गंगराडे, संतोष महाजन, कीर्ति नीलकंठ सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### जैविक हाट का शुभारंभ आज

**अनोखा तीर, खंडवा।** प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने तथा जिले के जैविक खेती करने वाले कृषकों के उत्पादों को बाजार उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से कृषि विभाग एवं जिला प्रशासन के संयुक्त प्रयास से जलेबी चौक खण्डवा स्थित पुरानी कृषि उपज मंडी में 28 दिसंबर रविवार को दोपहर 12:30 बजे जैविक हाट बाजार का शुभारंभ किया जा रहा है। उपसंचालक कृषि नितेश यादव ने बताया कि इस जैविक हाट बाजार के माध्यम से जिले के जैविक खेती करने वाले कृषको द्वारा उत्पादित रसायन मुक्त गेंहू, चना, मक्का, मूंग, चावल मूंगफली, अमरुद, सीताफल, कटहल, संतरा, प्याज, टमाटर, आलू, धनिया, मेथी, हल्दी, अदरक, एवं गुड़ जैसी सामग्री नागरिकों को आसानी से उपलब्ध हो सकेगी।

### डीआईजी बहुगुणा का खंडवा में दो दिवसीय वार्षिक निरीक्षण संपन्न





**अनोखा तीर, खंडवा।** निमाड़ रेंज खरगोन के पुलिस उप महानिरीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा का खंडवा जिले का दो दिवसीय वार्षिक निरीक्षण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। निरीक्षण के प्रथम दिन 26 दिसंबर को शहर के थाना कोतवाली एवं नगर पुलिस अधीक्षक कार्यालय का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। वार्षिक निरीक्षण के दूसरे दिन 27 दिसंबर को डीआईजी बहुगुणा पुलिस लाइन खंडवा पहुंचे, जहां परेड का निरीक्षण किया गया। परेड में पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण राजेश रघुवंशी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर महेंद्र तारनेकर, नगर पुलिस अधीक्षक अभिनव कुमार बारंगे सहित जिले के 105 अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए। उत्कृष्ट टर्नआउट वाले पुलिसकर्मियों को पुरस्कृत किया गया। परेड के बाद बलवा परेड कराई गई, जिसकी डीआईजी ने सराहना की। उन्होंने कानून व्यवस्था के दौरान आने वाली व्यावहारिक समस्याओं को लेकर थाना प्रभारियों को आवश्यक मार्गदर्शन दिया। इसके साथ ही शासकीय पुलिस वाहनों का निरीक्षण कर सायरन, इंडिकेटर, बलवा सामग्री, टियर गैस एवं अन्य उपकरणों की जांच की गई। बेहतर प्रदर्शन करने वाले वाहन चालकों को भी पुरस्कृत किया गया। पुलिस लाइन में गार्ड ऑफ ऑनर के पश्चात वृक्षारोपण किया गया और पुलिस सम्मेलन आयोजित हुआ, जिसमें लगभग 200 पुलिस अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। सम्मेलन में डीआईजी ने पुलिसकर्मियों की समस्याएं और सुझाव सुने। पुलिस अधीक्षक द्वारा वर्षभर की गतिविधियों और कर्मचारी कल्याण से जुड़े कार्यों की जानकारी दी गई। डीआईजी बहुगुणा ने पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय के कार्यों की सराहना करते हुए पुलिसकर्मियों से स्वस्थ रहने, नियमित शारीरिक गतिविधि अपनाने और ध्यान कार्यक्रमों से जुड़ने का आह्वान किया। इसके पश्चात पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर विभिन्न शाखाओं के कार्यों का निरीक्षण किया गया, जिन्हें संतोषजनक पाते हुए गुणवत्ता और बेहतर करने के निर्देश दिए गए।

### प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में सिख समाज ने गुरुद्वारा साहेब में सजाया विशेष दिवान



**अनोखा तीर, बड़वाह।** श्री गुरु गोविंद सिंह जी के 359 वे प्रकाश पर्व पर सिक्ख संगत द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए। समाज सदस्यों ने गुरुद्वारा साहेब में सबसे पहले पिछले दो दिनों से चल रहे श्री अखंड पाठ साहेब का समापन किया। जिसके पश्चात स्थानीय भाई बुध सिंह एवं रिक्की सिंह के जत्थे ने संगत को कीर्तन से निहाल किया। जिसके पश्चात विशेष दीवान में इंदौर से पधारे अमनदीप सिंह जी के जत्थे ने वाहों वाहों गुरु गोबिंद सिंह आपे गुरु चेला, इन पुतरन के शीश पे वार दिए पुत चार शबदों से एवं कथा व्याख्या के माध्यम से गुरुजी का जस गायन किया। समाज के वरिष्ठों सरदार सुरजीत सिंह, सरदार गुरुबक्श सिंह, सरदार अमोलक सिंह ने जत्थे का सिरोपा के माध्यम से सत्कार किया। इस 12 दिवसीय आयोजनों में संगत ने उत्साह पूर्वक तन मन धन से सहयोग किया। समिति सदस्यों ने बताया कि पिछले 12 दिनों से चल रहे आयोजनों का शनिवार रात में समापन होगा। इस आयोजन के समापन के अवसर पर गुरुद्वारे साहब में लंगर का आयोजन हुआ। जिसमें विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी, राजनैतिक दलों के प्रमुख और श्रद्धालुओं ने लंगर प्रसाद ग्रहण किया। जबकि रात्रि में आतिशबाजी एवं मिष्ठान वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

### खंडवा-इंदौर मार्ग पर 5 जनवरी तक भारी वाहनों का संचालन प्रतिबंधित रहेगा

**अनोखा तीर, खंडवा।** दिसम्बर माह के अंतिम सप्ताह एवं नववर्ष प्रारंभ होने से ओंकारेश्वर में ज्योर्तिलिंग दर्शन के साथ-साथ पावन नर्मदा नदी में स्नान हेतु लगभग 2 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के प्रतिदिन आगमन की संभावना है। खंडवा जिले का खंडवा इन्दौर अत्यन्त व्यस्ततम सड़क मार्ग है। जिसमें भारी एवं हल्के वाहन का आवागमन निरन्तर रूप से चलता रहता है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ऋषव गुप्ता ने श्रद्धालुओं के निर्बाध परिवहन, सार्वजनिक सुरक्षा एवं जन सामान्य की सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए आगामी 5 जनवरी तक के लिए प्रातः 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक खंडवा इंदौर मार्ग पर भारी वाहनों के प्रवेश पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाने के आदेश जारी किए हैं।

#### भारी वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था रहेगी

कलेक्टर श्री गुप्ता ने बताया कि खंडवा जिले में स्थित नर्मदा नदी पर बने मोरटक्का पुल की क्षमता एवं संरचनात्मक विन्यास को दृष्टिगत रखते हुये जारी प्रतिबंधात्मक आदेश के अनुसार इंदौर-इच्छापुर मार्ग पर बुरहानपुर की ओर से खण्डवा जिले में प्रवेश करने वाले भारी वाहन खण्डवा जिले के ग्राम देशगांव में प्रवेश कर खरगोन धामनोद होते हुए एबी रोड़ तक पहुंचेगें। इसी तरह इन्दौर से चलने वाले भारी वाहन खरगोन जिले से होते हुए खंडवा जिले के ग्राम देशगांव में प्रवेश कर देशगांव से अपने गन्तव्य तक पहुंचेगें।

## सार-समाचार

### स्वदेशी संकल्प रथ यात्रा के नगर आगमन पर हुआ स्वागत, स्वदेशी अपनाने का लिया संकल्प

**अनोखा तीर, सेमरी हरचंद।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शताब्दी वर्ष पर आयोजित स्वदेशी संकल्प रथ यात्रा का आगमन शनिवार सुबह सेमरी हरचंद नगर में हुआ। जहां स्वदेशी जागरण मंच, व्यापारी संगठन, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा नगर के गांधी मार्केट में स्वागत कर स्वदेशी अपनाने का संकल्प दिलाया। रथ में लगी एलईडी स्क्रीन पर स्वदेशी संदेश मुख्य स्थानों पर नुक्कड़ सभाएं कर विदेशी सामान के बहिष्कार



और स्वदेशी वस्तुओं को बढ़ावा देने एवं लोकल आफ वोकल हथकरघा, कुटीर उद्योग और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के संदेश दिए जा रहे हैं। यात्रा की शुरुआत नागपुर महाराष्ट्र से हुई। यात्रा का उद्देश्य आत्मनिर्भर भारत के सपने को जन-जन तक पहुंचाने का है। नगर में स्वदेशी संकल्प रथ यात्रा के स्वागत में भारत माता की जय, जय स्वदेशी के जयघोष के साथ रथ यात्रा को सेमरी हरचंद से रवाना किया। इस मौके पर राजकुमार अग्रवाल, मंगेश महेश्वरी, चेतन मीना, योगेश मालवीय, विवेक मालवीय, राजेंद्र सिंह राजपूत, बृजेश दुबे, कैलाश साहू, अरविंद खंडेलवाल, हेमंत भूतड़ा, अजय राजपूत, सुरेश कोरी, नितेश मालवीय, जय हिंद खंडेलवाल, मनोज साहू, प्रदीप कुशवाहा, मनमोहन अग्रवाल, देवेश शर्मा, संदीप महेश्वरी, दीपक साहू, भावेश दुबे, रमन साहू, सतपाल राजपूत व अन्य लोग मौजूद रहे।

### नगर में आज से श्री विश्वकर्मा पुराण ज्ञान भक्ति सप्ताह यज्ञ शुरू

**अनोखा तीर, सेमरी हरचंद।** नगर में स्टेशन रोड स्थित पशुपतिनाथ मंदिर के पास क्षेत्र के विश्वकर्मा एवं श्री गौड़ मालवीय



ब्राह्मण समाज समिति द्वारा संगीतमय श्री विश्वकर्मा पुराण ज्ञान भक्ति सप्ताह यज्ञ का आयोजन आज 28 दिसंबर से किया जा रहा है। जिसकी कलश यात्रा रविवार प्रातः 10 बजे नगर की खेड़ापति मंदिर से प्रारंभ होकर कार्यक्रम स्थल तक पहुंचेगी। कथा का समय दोपहर 01 बजे से 04 तक होगा। कार्यक्रम में कथा वाचक उपन्यास आचार्य पं. दीपक महाराज होंगे। 03 जनवरी को भंडारा प्रसादी के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। समाज समिति द्वारा सामाजिक बांधों एवं क्षेत्रवासियों को कथा में सम्मिलित होने आमंत्रित किया है।

### नववर्ष के दृष्टिगत पुलिस प्रशासन ने सलकनपुर की व्यवस्थाओं का लिया जायजा


**अनोखा तीर, रेहटी।** पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के निर्देश पर शनिवार को सलकनपुर देवी धाम में आगामी नववर्ष पर श्रद्धालुओं की अधिक संख्या की संभावना को देखते हुए एसडीओपी बुदनी रवि शर्मा, थाना प्रभारी राजेश कहारे और तहसीलदार युगविजय सिंह ने संयुक्त रूप से भ्रमण किया। इस दौरान मंदिर परिसर की व्यवस्था मार्ग व्यवस्था और पार्किंग व्यवस्था का निरीक्षण किया गया।



साथ ही दुकान लगाने वाले व्यापारियों से संवाद कर सामान दुकान से आगे ना बढ़ाने, अग्निशमन यंत्र रखने और ज्वलनशील पदार्थ नहीं रखने की हिदायत दी। वाहनों को बीच में नहीं रोकने की भी सलाह दी ताकि ट्राफिक व्यवस्था सुचारू रूप से चल सके। श्रद्धालुओं को सुविधाजनक तरीके से दर्शन हो पाएं, इसके बेहतर इंतजाम किए जाएंगे। 31 दिसंबर एवं 1 जनवरी को विजासन धाम सलकनपुर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं जिनकी व्यवस्थाओं के लिए पुलिस अधिकारी एवं राजस्व विभाग की टीम सलकनपुर पहुंची और यहां पर उन्होंने दुकानदारों को समझाईश दी।

### मां नर्मदा जयंती महोत्सव को लेकर समिति की बैठक आयोजित

**अनोखा तीर, सिवनी मालवा।** विधानसभा क्षेत्र की शिवपुर तहसील अंतर्गत भिलाड़िया घाट पर मां नर्मदा जयंती महोत्सव समिति की महत्वपूर्ण बैठक पूज्य स्वामी श्री लक्ष्मणानंद महाराज की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में



सर्वसम्मति से आगामी 25 जनवरी को मां नर्मदा जयंती को भव्य एवं धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। आयोजन को लेकर धार्मिक अनुष्ठानों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों तथा श्रद्धालुओं की सुविधा से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए समिति सदस्य योगेंद्र सिंह मंडलोई ने कहा कि मां नर्मदा जयंती केवल धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक एकता का प्रतीक है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर आयोजन को सफल बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर समिति के सक्रिय सदस्य विष्वेंद्र सिंह मंडलोई सहित अन्य पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# एसडीएम ने सिविल अस्पताल का निरीक्षण कर देखी व्यवस्थाएं

## चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टाफ को समय पर ड्यूटी पर उपस्थित रहने दिए निर्देश

**अनोखा तीर, इटारसी।** नगर के एसडीएम नीलेश शर्मा ने शनिवार को स्थानीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविल अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया और मरीजों को दी जा रही सेवाओं पर कहीं संतोष तो कहीं असंतोष भी जताया। एसडीएम ने कई बिंदुओं पर तत्काल सुधार के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम शर्मा ने आपातकालीन कक्ष, ओपीडी, टीकाकरण कक्ष, एक्स-रे विभाग, सोनोग्राफी कक्ष, औषधि भंडार, मेटरनिटी वार्ड, शिशु रोग वार्ड, मेडिकल और सर्जिकल वार्ड, कुपोषित बच्चों का वार्ड, पैथोलॉजी तथा अस्पताल किचन का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल अधीक्षक डॉ. आरके चौधरी से व्यवस्थाओं की जानकारी ली और खामियों पर नाराजगी जाहिर की। एसडीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी





चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टाफ अपनी ड्यूटी समय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। उन्होंने कहा कि मरीजों को समय पर उपचार मिलना प्राथमिक जिम्मेदारी है। अस्पताल परिसर और सभी वार्डों में स्वच्छता बनाएं रखने पर विशेष जोर देते हुए उन्होंने शौचालयों की नियमित और बेहतर सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। शर्मा ने कहा कि शासन द्वारा उपलब्ध कराए गए संसाधनों का उपयोग मरीजों के हित में किया जाए और अनावश्यक रेफरल से बचा जाए। ठंड के मौसम को देखते हुए उन्होंने सभी वार्डों में हीटर की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि भर्ती मरीजों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने अस्पताल में भर्ती एवं ओपीडी मरीजों को शासन के निर्देशानुसार निशुल्क दवाएं उपलब्ध कराने, बाहर से गैरजरूरी दवाएं न लिखने तथा भोजन व्यवस्था में साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश भी दिए। उन्होंने चिकित्सकों को नियमित राउंड लेकर मरीजों की स्थिति पर नजर रखने और समय पर उचित उपचार सुनिश्चित करने के लिए कहा। इस औचक निरीक्षण के दौरान तहसीलदार सुनीता साहनी और अस्पताल अधीक्षक डॉ. आरके चौधरी सहित संबंधित स्टाफ उपस्थित रहा।

# नगर परिषद सफाई कर्मियों की हड़ताल समाप्त

**● एरियर्स व साप्ताहिक मस्टर पर काम करने वालों को मासिक मस्टर पर करने का मिला लिखित आश्वसन**

**अनोखा तीर, सोहागपुर।** स्थानीय नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों की कामबंद हड़ताल शनिवार को समाप्त हो गई। वे पांच दिन से कामबंद हड़ताल पर नप परिसर में ही बैठे थे। अजाक्स जिलाध्यक्ष रवि शंकर बाल्मीकि सहित कर्मचारी संघ के लोगों ने बताया कि सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा के लिखित आश्वासन के बाद सफाई कर्मचारियों ने हड़ताल समाप्त कर दी है। बता दें कि नप में पदस्थ सफाई कर्मचारी वेतन संबंधी मांगों सहित एरियर्स की राशि को खाते में जमा करने सहित पीएफ कटौती के बाद भी राशि को पीएफ खातों में जमा करने, लम्बे समय से साप्ताहिक मस्टर पर काम करने वाले कर्मचारियों को मासिक मस्टर पर करने जैसी मांगों को लेकर कामबंद हड़ताल पर चले गए थे। कर्मचारियों को वेतन तो बुधवार को दे दिया गया था, लेकिन कर्मचारी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर काम बंद हड़ताल पर बने रहे। इस दौरान कथित तौर पर सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा और अजाक्स जिलाध्यक्ष रविशंकर के बीच कहासुनी की जानकारी भी निकल कर आई थी। उधर शुक्रवार को नगर परिषद द्वारा कर्मचारियों को काम पर





लौटने मुनादी भी कराई थी, जिसके बाद अब शनिवार को बातचीत के बाद कर्मचारियों ने हड़ताल को समाप्त कर दिया है।

बताया जा रहा है कि साप्ताहिक मस्टर पर काम करने वाले कर्मचारियों को जनवरी माह से मासिक मस्टर पर कर दिया जाएगा, वहीं एरियर्स की राशि को भी सोमवार तक कर्मचारियों के खाते में जमा कर दी जाएगी। काम पर लौटने से नगर में सफाई व्यवस्था दुरुस्त होने और गंदगी से लोगों को निजात मिल जाएगी।

# आरपीएफ ने गुमशुदा बुज़ुर्ग को सुरक्षित ढूंढ़ा

**अनोखा तीर, इटारसी।** रेल मदद हेल्पलाइन 139 पर मिली एक सूचना के बाद इटारसी आरपीएफ ने एक बिछड़े हुए बुजुर्ग को उसके परिवार से मिलाया। जानकारी अनुसार कुंजा दास 70 वर्ष हाजीपुर से अहमदाबाद की यात्रा के दौरान 26 दिसंबर 2025 को इटारसी





स्टेशन पर उतर गए थे। उनके बेटे ने उनकी गुमशुदगी की सूचना दी थी। अहमदाबाद निवासी सहेंद्र दास ने आरपीएफ थाना इटारसी को बताया कि उनके पिता कुंजा दास ट्रेन नंबर 19484 से यात्रा कर रहे थे और उनकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। उन्होंने अपने पिता का हुलिया और फोटो वॉट्सऐप के माध्यम से आरपीएफ को भेजा। सूचना मिलते ही निरीक्षक प्रभारी आरपीएफ इटारसी मनीष पांडेय ने स्टेशन पर तैनात स्टाफ को प्लेटफॉर्म, सर्कुलेटिंग एरिया और अन्य संभावित स्थानों पर बुजुर्ग की तलाश करने के निर्देश दिए। साथ ही स्टेशन परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की भी गहनता से जांच की गई। सीसीटीवी फुटेज में हुलिये से मेल खाता एक व्यक्ति दिखाई दिया। इसके बाद आरक्षक जसवंत सिंह ठाकुर और आरक्षक राकेश मीणा ने मौके पर तलाशी अभियान चलाया। तलाशी के दौरान रेलवे स्टेशन इटारसी की दोपहिया वाहन पार्किंग के पास एक बुजुर्ग व्यक्ति बैठा हुआ मिला। फोटो से मिलान करने पर उसकी पहचान कुंजा दास के रूप में हुई। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम भी कुंजा दास बताया। उन्हें सुरक्षित रूप से आरपीएफ थाना इटारसी लाया गया और उनके बेटे सहेंद्र दास को मोबाइल पर इसकी सूचना दी गई। अगले दिन 27 दिसंबर 2025 को सहेंद्र दास आरपीएफ थाना इटारसी पहुंचे। गवाहों की उपस्थिति में सहायक उप निरीक्षक राजेश सिंह द्वारा कुंजा दास को उनके बेटे के सुपुर्द किया गया।

# 72वीं राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता



**● नर्मदापुरम जिले की टीम पहुंची श्रीधाम**

**अनोखा तीर, नर्मदापुरम/इटारसी।** मध्य प्रदेश वॉलीबॉल संघ द्वारा आयोजित 72वीं राज्य स्तरीय सीनियर वर्ग की महिला एवं पुरुष प्रतियोगिता नरसिंहपुर जिले के श्रीधाम में 27 दिसंबर से आयोजित हो रही है। प्रतियोगिता में नर्मदापुरम जिले से सोमेश मिश्रा, पीयूष, आयुष मस्कर, कपिल जाट का चयन हुआ है। जबकि महिला वर्ग में पूनम मंसूरिया, अंजलि गोहीया, पूनम केवट, खुशी मंसूरिया, कविता शर्मा, इशाना खान तवा नगर, अनुकृति, तनु शर्मा, जानकी मांझी नर्मदापुरम का चयन हुआ है। जिला वालीबॉल संघ अध्यक्ष भगवती चौरे, सचिव आशुतोष तिवारी, जिला उपाध्यक्ष एवं जल संसाधन विभाग स्पोर्ट क्लब के क्षेत्रीय अध्यक्ष बशारत खान, कोच बख्तावर खान, अरुण मलैया, पंकज मलैया, पीटीआई हेमंत पटेल, राहुल मालवीय, प्रफुल्ल पटेल, राजेंद्र पालीवाल, योगेश दर्शिम्भ, हफिज खान, राजेश रघुवंशी, पिंटू तवर, नंदू यादव ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए राष्ट्रीय स्तर पर टीम में चयन होने के लिए कामना की।

# वृद्धजनों की सेवा सबसे बड़ा पुण्य, बुजुर्गों को कराया स्वल्पाहार

**अनोखा तीर, सिवनी मालवा।** नगर स्थित वरिष्ठ नागरिक गृह में मानवीय संवेदना और सेवा भाव का सुंदर उदाहरण देखने को मिला। पत्रकार अरुण कश्यप द्वारा



संस्था में निवासरत बुजुर्गों को स्वल्पाहार कराया गया एवं उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। साथ ही बुजुर्गों के साथ त्योहार की खुशियां सांझा करना और उनके प्रति सम्मान व अपनत्व व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान बुजुर्गों से आत्मीय संवाद किया गया और उनके स्वास्थ्य एवं दैनिक जीवन की जानकारी ली गई। बुजुर्गों ने इस पहल की सराहना करते हुए आशीर्वचन दिए और प्रसन्नता व्यक्त की। समाज के वरिष्ठजनों के साथ समय बिताना और उनकी देखभाल करना हम सभी का नैतिक दायित्व है। युवा नेता पार्षद प्रतिनिधि दीपक दीक्षित ने बुजुर्गों को आश्वस्त किया कि उन्हें आश्रम में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने लोगों से वृद्धजनों की सेवा में आगे आने का आह्वान किया। इस अवसर पर नगर के पत्रकार विनीत राठी, केके यदुवंशी पार्षद प्रतिनिधि दीपक दीक्षित, आनंद कुशवाह, संस्था में कार्यरत श्याम बनकर, राहुल बाथव एवं दीपक यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने बुजुर्गों का सम्मान किया और इस प्रकार के सामाजिक व सेवा कार्यों को निरंतर किए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

# राष्ट्र का नाम रोशन करें खिलाड़ी : एसपी

**अनोखा तीर, नर्मदापुरम।** पुलिस अधीक्षक साईं कृष्ण थोटा ने शुक्रवार को हॉकी टर्फ मैदान पहुंचकर खिलाड़ियों एवं खेल विभाग के स्टाफ से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों से संवाद करते हुए उन्हें खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिले एवं राष्ट्र का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। पुलिस अधीक्षक श्री थोटा ने कहा कि खिलाड़ी निरंतर अभ्यास, अनुशासन एवं समर्पण के माध्यम से राष्ट्रीय प्रतिभा बन सकते हैं। उन्होंने खेल सुविधाओं का अवलोकन करते हुए हॉकी का रोमांचक मुकाबला भी देखा, जिसमें हॉकी फीडर सेंटर नर्मदापुरम एवं हॉकी फीडर सेंटर इटारसी की टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में नर्मदापुरम की टीम विजेता रही, जबकि इटारसी की



टीम उपविजेता रही। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने कबड्डी खिलाड़ियों का भी कौशल देखा और उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने खेल विभाग के प्रशिक्षकों एवं समन्वयकों से परिचय प्राप्त कर उनकी योग्यताओं की जानकारी ली। साथ ही जिला खेल अधिकारी सुश्री उमा पटेल से विभाग की वर्तमान एवं आगामी खेल योजनाओं के संबंध में विस्तार से चर्चा की। पुलिस अधीक्षक के मैदान पर पहुंचने से खिलाड़ियों में विशेष उत्साह देखने को मिला तथा उन्होंने इसे प्रेरणादायक बताया। इस अवसर पर इटारसी गांधी स्टेडियम हॉकी फीडर सेंटर के प्रशिक्षक दीप सिंह, हॉकी कोच ग्रेड-वन जय सिंह भदोरिया, हैंडबॉल कोच ऑस्कर मोजिस, कराते कोच रोशनी सोनकर, कबड्डी कोच पवन जाट सहित समन्वयक महेंद्र पचलानिया, आरती शर्मा, देवेंद्र उरहा, चंदा मिश्रा, प्रीतम पुर्विया, नारायण बावरिया, सुषमा अहिरवार एवं अन्य खिलाड़ी उपस्थित रहे। इस दौरान पुलिस अधीक्षक को यह भी अवगत कराया गया कि नर्मदापुरम में खेलो एमपी अंतर्गत चेस एवं ताइक्वांडो की राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन प्रस्तावित है। पुलिस अधीक्षक श्री थोटा ने कहा कि इन प्रतियोगिताओं का आयोजन बेहतर ढंग से किया जाएगा, ताकि नर्मदापुरम का नाम प्रदेश स्तर पर गौरवान्वित हो सके।

# चौपाटी ठेला एवं दुकान संचालकों ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

## चौपाटी को हटाए जाने का जताया विरोध

**अनोखा तीर, सिवनी मालवा।** स्थानीय तहसील कार्यालय में शनिवार को चौपाटी परिसर में ठेला एवं खान-पान दुकान संचालकों ने अपनी समस्याओं को लेकर एसडीएम के नाम ज्ञापन तहसीलदार नितिन झोड़ को दिया गया। ज्ञापन में दुकानदारों ने बताया कि वे नगर पालिका परिषद द्वारा निर्मित चौपाटी परिसर में विगत कई वर्षों से सुव्यवस्थित रूप से ठेला एवं दुकान लगाकर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं। इस दौरान नगर पालिका द्वारा उनसे नियमित रूप से शुल्क भी वसूला जाता रहा है, जिसकी रसीदें दुकानदारों के पास मौजूद हैं। दुकानदारों ने बताया कि 26 दिसंबर को नगर पालिका कर्मचारियों द्वारा मौखिक रूप से निर्देश दिया गया कि वे अपनी दुकानें हटाकर अस्पताल के सामने स्थानांतरित करें, क्योंकि वर्तमान चौपाटी स्थल पर नगर पालिका द्वारा दुकानों का निर्माण प्रस्तावित है। दुकानदारों का कहना है कि वर्तमान चौपाटी स्थल पर सभी खान-पान की



दुकानें सुव्यवस्थित ढंग से लगती हैं, जिससे यातायात में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न नहीं होती। वहीं अस्पताल के सामने ठेला या दुकान लगाने से आवागमन बाधित होगा तथा भविष्य में अतिक्रमण के नाम पर बार-बार परेशान किए जाने की आशंका बनी रहेगी। सीमित साधनों से जीवन यापन करने वाले दुकानदारों ने अपनी आजीविका पर संकट बताते हुए प्रशासन से संवेदनशील निर्णय लेने की मांग की है। जिस पर तहसीलदार नितिन झोड़ ने ज्ञापन प्राप्त कर उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया। इस अवसर पर अमित शर्मा, संदीप रघुवंशी, गौरव मेहरा, गणेश कौशल, आकाश गुप्ता, राहुल कुशवाहा, लल्लू सूरमा, विनोद सूरमा, अभिषेक सोनी सहित अन्य दुकानदार उपस्थित रहे।

## ओम की आकृति बनाने वाले नीलकंठ तट पर स्नान घाट का इंतजार करते श्रदालु

# आस्था पर भारी प्रशासनिक अनदेखी

**अनोखा तीर, भैरुंदा।** जिले की बुधनी विधानसभा जिसे प्रदेश की सबसे विकसित विधानसभा में गिना जाता है। वहां का एक पौराणिक तीर्थ आज अपने अस्तित्व और जीर्णोद्धार के लिए तरस रहा है। मां नर्मदा और मां कौशल्या के पवित्र संगम पर स्थित नीलकंठेश्वर महादेव का तट अपने



आध्यात्मिक के लिए विख्यात हैं वह सरकारी तंत्र की उपेक्षा के कारण बदहाली के आंसू बहा रहा है। हैरानी की बात यह है कि इसी विधानसभा के जैत, बुधनी और शाहगंज जैसे क्षेत्रों में नर्मदा तटों पर विकास की गंगा बह रही है। वहां घाटों को आधुनिक सुख-सुविधाओं से लैस किया गया है। लेकिन नीलकंठ में किया गया विकास दोषपूर्ण नजर आ रहा है। यहां पिछले दिनों लगभग एक करोड़ की लागत से मुक्तिधाम और छोटे घाट का निर्माण तो हुआ। लेकिन इसका चयन ही गलत स्थान पर कर दिया गया। वर्तमान घाट कोलार और नर्मदा के संगम स्थल पर है। जहां पानी की गहराई इतनी अधिक है कि पैर फिसलते ही जान का जोखिम बन जाता है। डूबने के डर से श्रद्धालु स्नान के लिए नदी के बीच बने अस्थाई टापुओं या उस स्थान पर जाने को मजबूर हैं जहां दाह संस्कार किया जाता है। बरसात के दिनों में यहां आस्था की डुबकी लगाना किसी सजा से कम नहीं होता। चारों तरफ फैली गंदगी और कीचड़ के बीच श्रद्धालु मां नर्मदा का आचमन करने को विवश हैं।

### पौराणिक गरिमा का अपमान, जहां स्वयं प्रकट हुए थे महादेव

क्षेत्र के बुजुर्ग बताते हैं कि इस स्थान का उल्लेख पुराणों में है। यहां भगवान शिव का वह स्वयंभू शिवलिंग है जिसकी गहराई पाताल तक मानी जाती है। त्रेता युग में राजा दक्ष के यज्ञ की साक्षी रही यह भूमि आज उपेक्षा का शिकार है। संगम पर बनने वाली प्राकृतिक ओम की आकृति और उसका चंद्र बिंदु कहलाने वाला मंदिर, पर्यटन और आस्था का बड़ा केंद्र बन सकता था। लेकिन शासन ने इसे इसके हाल पर छोड़ दिया है। स्थिति यह है कि आज यह घाट विकास के लिए तरस रहा है।

### मुक्तिधाम के नीचे घाट निर्माण की उठ रही पुरजोर मांग

नीलकंठ में मुक्तिधाम के नीचे घाट का निर्माण कराया जाने की मांग पुरजोर तरीके से उठ रही है। इसके लिए पिछले दिनों क्षेत्रीय विधायक ने घाट निर्माण का आश्वासन भी दिया है। विधायक का कहना है कि घाट निर्माण के लिए कागजी प्रक्रिया पूरी हो चुकी है जल्दी ही इस क्षेत्र को बड़े घाट के निर्माण की सौगात मिलेगी। मुक्तिधाम के नीचे घाट न होने का फायदा रेत माफिया वर्षों उठा रहे हैं। ट्रैक्टर-ट्रालियों से होने वाले अवैध उत्खनन के कारण तट छलनी हो चुका है। सरकार की यह अनदेखी केवल नीलकंठ तक सीमित नहीं है। बुधनी विधानसभा के सातदेव, मंडी और सीलकंठ जैसे प्रमुख तटों की स्थिति भी कमोबेश ऐसी ही है। क्षेत्रीय लोगों का आरोप है कि विकास के मामले में चुनकर विकास करना की नीति अपनाई गई है। वीआईपी गांवों को चमका दिया गया। लेकिन आम जनमानस की आस्था से जुड़े इन पौराणिक केंद्रों को व्यवस्थाओं के अभाव में झोंक दिया गया।


**न्यायालय तहसीलदार माखन नगर जिला नर्मदापुरम**

रा.प्र.क्र. 0500/बी-121/23-24
मौजा-ग्राम खरगावली

**आवेदक -** आदेश शर्मा आ. हरिशंकर शर्मा
निवासी माखन नगर तहसील माखन नगर

विरुद्ध

**अनावेदक-** सर्वसाधारण

**राजस्व मामले में सूचना/इश्तहार**

एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में आवेदक आदेश शर्मा आ. हरिशंकर शर्मा निवासी माखन नगर द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि ग्राम खरगावली स्थित भूमि ख.नं. 205 रकबा 0.918 हे. के स्थान पर रकबा 0.809 हे. दर्ज कर अभिलेख दुरूस्त किये जाने का निवेदन किया है। आवेदकगण का आवेदन पत्र इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त सम्बंध में आपको सूचित किया जाता है कि आप उपरोक्त वर्णित भूमि पर किसी भी प्रकार से कोई हक वो स्वत्व रखते हो-कोई दावा आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित दावा आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में पेशी दिनांक 02.01.2026 तक प्रस्तुत कर सकते है बाद म्याद के प्राप्त दावा आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24.12.2025 को इस न्यायालय की मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

नोट- नियत दिनांक को अवकाश घोषित होने पर प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्यदिवस पर होगी।

तहसीलदार
माखन नगर जिला नर्मदापुरम

## सार-समाचार

### सीएससी-वीजा सीएसआर के तहत ग्रामीणों को साइबर फ्रॉड से किया जागरूक

**अनोखा तीर, बैतूल।** सीएससी द्वारा संचालित वीजा सीएसआर परियोजना के अंतर्गत ग्राम नाहिया में ग्रामीणों को साइबर फ्रॉड से बचाव को लेकर जागरूक किया गया। इस दौरान सीएससी वीएलई दुर्गेश पंडागरे ने ग्रामीणों को साइबर अपराधों की जानकारी देते हुए उनसे बचने के उपाय बताए।



कार्यक्रम में ग्रामीणों को बताया कि किसी भी अनजान कॉल पर बैंक या अन्य संस्थाओं के नाम पर मांगा गया ओटीपी साझा न करें। साथ ही साइबर अपराधियों द्वारा अपनाए जा रहे डिजिटल अरेस्ट जैसे नए हथकंडों की जानकारी दी गई और इससे सतर्क रहने की सलाह दी गई। प्रशिक्षण में श्री पंडाग्रे ने बताया कि वर्तमान समय में साइबर फ्रॉड के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं और इसका प्रभाव अब ग्रामीण अंचलों में भी देखने को मिल रहा है। इसी को ध्यान में रखते हुए वीजा सीएसआर के सहयोग से सीएससी के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य नागरिकों को ऑनलाइन धोखाधड़ी, फिशिंग, डिजिटल अरेस्ट सहित अन्य साइबर खतरों से सुरक्षित रखना और डिजिटल सेवाओं के प्रति उन्हें जागरूक बनाना है।

### श्रीमद्भागवत कथा में भगवान श्रीकृष्ण के जन्म पर झूम उठे भक्त

**अनोखा तीर, शाहपुर।** ब्लॉक के ग्राम सोहागपुर ढाना में समाजसेवी गुलाब पटेल के निवास पर चल रही श्रीमद भागवत कथा का चतुर्थ दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर श्री कृष्ण भगवान का जोरदार जन्मदिन मनाया गया, जिसमें बड़े हर्षोल्लास के साथ श्रद्धालुओं ने भाग लिया।



कथा वाचक पंडित डॉ. राजूल पांडे भगवान राम और कृष्ण की कथा सुनाई। जिसे सुनकर आसपास के क्षेत्र की ग्रामीण महिलाओं और पुरुषों ने भागवत कथा सुनी। कथा के दौरान पंडित डॉ. राजूल पांडे ने भगवान राम और कृष्ण की कथा के माध्यम से भक्तों को भगवान की भक्ति और प्रेम का संदेश दिया। उनकी मधुर वाणी और संगीत से श्रृद्धालुओं का मन विभोर हो गया और सभी ने संगीत भजन पर नाचकर अपनी खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर समाजसेवी श्री पटेल ने कहा कि श्रीमद भागवत कथा का आयोजन समाज में भक्ति और प्रेम की भावना को बढ़ावा देने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भगवान राम और कृष्ण की कथा से हमें भगवान की भक्ति और प्रेम का संदेश मिलता है।

### देवास के पांच खिलाड़ियों का खेलो इंडिया बीच गेम के लिए चयन

**अनोखा तीर, देवास।** देवास के पांच खिलाड़ियों का खेलो इंडिया बीच गेम के लिए चयन हुआ है। दमन–दीव में आयोजित दूसरी खेलो इंडिया बीच गेम, जो कि घोघला बीच, दीव में 5 से 11 जनवरी 2026 तक आयोजित की जा रही है, के लिए यह चयन किया गया है। पेंचक सिलाट एसोसिएशन मध्यप्रदेश के अध्यक्ष अबरार अहमद शेख ने बताया कि दूसरी खेलो इंडिया



बीच गेम में मध्यप्रदेश के 12 खिलाड़ियों का चयन हुआ है। मध्यप्रदेश दल में देवास के अंतरराष्ट्रीय रैफरी अभय श्रीवास को खेलो इंडिया बीच गेम के निर्णायक दल में शामिल किया गया है। वहीं देवास के पांच खिलाड़ियों का चयन लखनऊ उत्तरप्रदेश में आयोजित 13वीं राष्ट्रीय सीनियर पेंचक सिलाट चैंपियनशिप के प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। देवास के चयनित खिलाड़ी भूमिका जैन टुंगल इवेंट्स, दिशा रेड्डी, जागृति योगी, हर्ष जायसवाल एवं प्रांजल बुडानिया गांडा इवेंट्स में भाग लेंगे। खिलाड़ियों के चयनित होने पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग भोपाल और देवास के सभी पदाधिकारियों, उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य सुधीर सोमानी, संस्था उपाध्यक्ष प्रमोद डोंगलिया, कोषाध्यक्ष संदीप जाधव, तथा समस्त सीनियर–जूनियर खिलाड़ी एवं पालकगण ने खिलाड़ियों को अग्रिम बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

### देवास हास्पिटल व क्वींस नर्सिंग होम पर चालानी कार्यवाही



**अनोखा तीर, देवास।** नगर निगम स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा आयुक्त दलीप कुमार के निर्देश पर निगम की घरों घर जाने वाली कचरा संग्रहण गाड़ीयों में अस्पतालों के द्वारा मेडिकल वेस्ट डालने पर निरंतर चालानी कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी देवास हास्पिटल के द्वारा निगम की कचरा संग्रहण गाड़ी में मेडिकल वेस्ट डालने पर 15 हजार रुपए तथा क्वींस नर्सिंग होम पर 5 हजार रुपए की चालानी कार्यवाही मौके पर ही की गई। चालानी कार्यवाही निगम मुख्य स्वच्छता निरीक्षक रवि गोयनारे द्वारा निगम स्वच्छता निरीक्षक शंकर सांगते के साथ की गई।

---

आरडी संस्थान में पूर्व छात्र मिलन समारोह का हुआ आयोजन

# 170 से अधिक विद्यार्थी विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत

**अनोखा तीर, बैतूल।**



गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए प्रसिद्ध आरडी संस्थान बैतूल में पूर्व छात्र मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि केन्द्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके एवं आरडी संस्थान की निदेशक श्रीमती ऋतु खंडेलवाल विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन कर पूर्व छात्र मिलन समारोह का शुभारंभ किया। आरडी संस्थान से शिक्षा प्राप्त कर देश के प्रतिष्ठित आईआईटी, एनआईटी एवं चिकित्सा संस्थानों में अध्ययनरत एवं विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत पूर्व छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम में सहभागिता की। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि केन्द्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके ने कहा कि पूर्व छात्र मिलन समारोह जैसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को अपनी जड़ों से जोड़ते हैं। उन्होंने कहा कि आरडी कोचिंग क्लासेस से एक सैकड़ा से अधिक विद्यार्थियों का आईआईटी एवं एनआईटी में तथा 70 से अधिक छात्र-छात्राओं का मेडीकल कॉलेजों में चयन होना गौरव की बात है। केन्द्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके ने कहा कि आरडी संस्थान के पूर्व छात्र देश के प्रतिष्ठित तकनीकि एवं मेडीकल संस्थानों में अध्ययन करने के साथ ही ख्याति प्राप्त संस्थाओं में सेवाएं देकर अपने सपनों को साकार करने के साथ ही राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की सफलता ने आरडी संस्थान की गुणवत्ता और उत्कृष्ठता को रेखांकित किया है।

**पूर्व छात्रों की उपलब्धि वर्तमान विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत–** आरडी संस्थान की निदेशक श्रीमती ऋतु खंडेलवाल ने पूर्व छात्रों का अभिवादन करते हुए कहा कि एलुमनी, संस्थान की सबसे बड़ी ताकत होते है। उन्होंने कहा कि संस्थान के विषय विशेषज्ञ शिक्षकों के मार्गदर्शन में पूर्व छात्रो द्वारा कड़ी मेहनत कर अपने लक्ष्य को हासिल किया। पूर्व छात्रों की सफलता उनके उज्जवल भविष्य के निर्माण में सहभागी बनेगी। निदेशक श्रीमती खंडेलवाल ने कहा कि पूर्व छात्रों की उपलब्धियां वर्तमान विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत साबित होगी। उन्होंने सभी एलुमनी से संस्थाान से जुड़े रहकर अपने अनुभव सांझा करने का अनुरोध किया। आयोजन में पूर्व विद्यार्थियों ने अपने अनुभव सांझा किए। पूर्व छात्र-छात्राओं का कहना था कि आरडी संस्थान में मिली शिक्षा, संस्कार, अनुशासन और आत्म विश्वास से उन्होंने उत्कृष्ट सफलता हासिल की। उन्होंने कहा कि संस्थान की निदेशक श्रीमती ऋतु खंडेलवाल के मार्गदर्शन में शिक्षकों द्वारा उन्हें शिक्षा के साथ ही बहुमुखी विकास का पाठ भी पढ़ाया। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए आरडी कोचिंग क्लासेस में विषय विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा पढ़ाई करवाने के साथ ही उन्हें उच्च स्तरीय शैक्षणिक सामग्री, टेस्ट सीरिज उपलब्ध करवाकर सतत अभ्यास करवाया। पूर्व विद्यार्थियों का कहना था कि आरडीसीसी से उन्हें बड़े सपने देखने और उन्हे साकार करने के लिए कड़ी मेहनत करने का आत्मविश्वास मिला। एलुमनी गेट टू गेदर आयोजन के लिए सभी पूर्व छात्र-छात्राओं ने निदेशक श्रीमती खंडेलवाल के प्रति आभार व्यक्त किया।

---

हिंदू सम्मेलन कार्यालय का विधिवत शुभारंभ

# भारत माता की आरती के साथ हुआ आगाज़

**अनोखा तीर, देवास।** नगर में आगामी 11 जनवरी 2026 को आयोजित होने वाले भव्य हिंदू सम्मेलन की तैयारियों ने गति पकड़ ली है। इसी क्रम में रामनगर बस्ती में सम्मेलन को सुचारु एवं सफल रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से कार्यालय का विधिवत शुभारंभ किया गया। रामनगर, तरानी कॉलोनी, पाचूनकर, तिलक नगर, पंचशील, रामनगर एक्सटेंशन, अनिल श्री होम्स एवं आदर्श कॉलोनी को सम्मिलित कर गठित रामनगर बस्ती में यह कार्यालय कार्यक्रम संयोजक अशोक गुप्ता के निवास 117, रामनगर पर प्रारंभ किया गया। शुभारंभ अवसर पर आचार्य लक्ष्मीनारायण तिवारी ने विधि-विधान से पूजन संपन्न कराया। कार्यक्रम के



दौरान नव-नियुक्त अध्यक्ष हरीश महाजन एवं अरविंद महाजन द्वारा भारत माता की पूजा-अर्चना एवं आरती कर कार्यक्रम का आध्यात्मिक शुभारंभ किया गया। वातावरण देशभक्ति और श्रद्धा से ओतप्रोत रहा। इस अवसर पर रामनगर बस्ती के वरिष्ठजन, मातृशक्ति के साथ-साथ जनप्रतिनिधि भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

---

# 251 जोड़ों का सामूहिक विवाह आज

- मुख्यमंत्री मोहन यादव करेंगे कन्यादान, कथा स्थल पर सुनेंगे मन की बात

**अनोखा तीर, देवास।**

सनातन धर्म के प्रति समर्पण का भाव बना रहे, यही श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का वास्तविक मर्म है। श्रीमद्भागवत कथा जीवन के ज्ञान का भान कराने वाली, भक्ति से जोड़ने वाली और मुक्ति का मार्ग दिखाने वाली कथा है। श्रीमद्भागवत कथा पांच हजार वर्ष पहले पहली बार स्वामी शुकदेव जी ने महाराजा परीक्षित को मृत्यु के भय से अभय करने के लिए सुनाई थी। तबसे यह कथा कोटि-कोटि सनातन धर्मावलंबियों की मुक्ति का माध्यम बन रही है। उक्त उद्गार मां शिप्रा के पावन तट पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिवस श्री श्री 1008 श्री उत्तम स्वामी जी ने कहें। श्री हरि कृष्ण मानव गौ सेवा संस्थान के संस्थापक एवं विश्व हिन्दू परिषद जिलाध्यक्ष दिलीप अग्रवाल ने बताया कि रविवार को कथा की पूर्णाहुति होगी। पूर्णाहुति पश्चात क्षिप्रा तट पर 251 विवाह जोड़ों का भव्य सामूहिक



विवाह समारोह संपन्न होगा। इस ऐतिहासिक आयोजन में प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव स्वयं उपस्थित रहकर कन्याओं का कन्यादान करेंगे। साथ ही मुख्यमंत्री मन की बात कार्यक्रम भी शिप्रा तट से ही सुनेंगे। स्वामी जी ने आगे कहा कि भारत की ऋषि परंपरा उद्घोष करती है कि भारत में जन्म लेना दुर्लभ है। उसमें भी मनुष्य रूप में जन्म लेना और भी दुर्लभ है। सनातन भारत ने ही ज्ञान, भक्ति और मुक्ति की दाता, जीवन के रहस्यों का उद्घाटन करने वाली श्रीमद्भागवत कथा का उपहार दिया है। उन्होंने कहा कि कथा का वास्तविक मर्म यह है कि हम हर हाल में अपने धर्म और देश के प्रति अड़िग रहें। किसी भी परिस्थिति में बिना झुके, बिना रुके, बिना डिगे सनातन और भारत के प्रति समर्पण का भाव बनाए रखें।

---

- वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मेलन को उच्च शिक्षा मंत्री ने किया संबोधित

# स्व. वाजपेयी के बताए मार्ग पर देश की सरकार चल रही है : परमार

**अनोखा तीर, देवास।** भारतीय जनता पार्टी जिला देवास द्वारा भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी वर्ष के समापन अवसर पर वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन शनिवार को बायपास स्थित होटल में किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में उच्च शिक्षा मंत्री इंदरसिंह परमार उपस्थित रहे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अटलजी ने लगातार तीन बार प्रधानमंत्री बनकर देश की जनता की सेवा की। पोखरण में परमाणु परीक्षण किया।

कारगिल में पाकिस्तान को सबक सिखाया। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की सौगात दी। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. वाजपेयी के बताए मार्ग पर देश की सरकार चल रही है। मध्यप्रदेश भी विकास के पथ पर अग्रसर है। यही सबका साथ-सबका विकास का संकल्प है। अटलजी के समय ही गांव-गांव में सड़कें बनाने का अभियान शुरु किया गया। उसी समय हाईवे के विस्तार पर भी काम शुरु हुआ। आज लाखों किमी. की सड़कें देश भर में बन चुकी हैं। अटल जी ने कहा था कि शिक्षा में अमूलचूल परिवर्तन होना चाहिए। आज उनके सिद्धांत पर




चलते हुए भाजपा सरकारें यह कार्य कर रही हैं। वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए इंदौर के पूर्व महापौर कृष्णमुरारी मोघ ने कहा कि जो पाया उसमें खो ना जाएं, जो खोया उसका ध्यान करें। अटल बिहारी वाजपेयी की बदौलत ही भाजपा आज शिखर पर है। वहीं भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष जयपालसिंह चावड़ा ने कहा कि भारत रत्न से सम्मानित पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ने राष्ट्र सेवा के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। वे हिमालय के समान विराट व्यक्तित्व के धनी थे। पूरी दुनिया में उनका एक अलग ही सम्मान है। वे भाषा से, भाषण से और व्यक्तित्व से गंगा-यमुना की तरह पवित्र थे। भाजपा जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव ने कहा कि वर्षों की तपस्या, त्याग एवं संघर्ष के बल पर भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनी है, जिसमें वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का योगदान अमूल्य रहा है। आयोजन में 700 से अधिक वरिष्ठ कार्यकर्ता शामिल हुए, जिन्होंने जनसंघ से लेकर अभी तक भाजपा का कार्य किया, जिनका सम्मान भी किया गया। स्वागत भाषण पूर्व महापौर सुभाष शर्मा ने दिया। एसआईआर संबंधी जानकारी कार्यालय प्रभारी मनोहर जाधव ने दी। नवाचार कार्यक्रम का संचालन प्रवीण चौधरी ने किया। आभार प्रमोद डोगलीया ने माना। सभी वक्ताओं ने जिलाध्यक्ष सेंधव व टीम को साधुवाद दिया। उक्त जानकारी देते हुए भाजपा जिला मीडिया प्रभारी कमल अहिरवार ने बताया कि सम्मेलन के दौरान विधायक गायत्रीराजे आशीष शर्मा, राजेश सोनकर, मनोज चौधरी, मुरली भंवरा, पूर्व विधायक तेजसिंह सेंधव, पूर्व जिलाध्यक्ष तेजसिंह बघेल ने भी अटल जी के संस्मरण सुनाए। इस अवसर पर महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल, जिला महामंत्री राजेश यादव, मनीष सोलंकी, विजयसिंह बघेल, रवि जैन, सुरेंद्र वर्मा, नारायण व्यास, लक्ष्मीनारायण गौरा, कार्यक्रम प्रभारी प्रमोद डोंगलिया, पृथ्वीराज सिंह रजापुर, बलराम दावठा, केशरसिंह देवगढ़ सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

---

# वाहन चालकों को सीपीआर का दिया प्रशिक्षण

**अनोखा तीर, बैतूल।** जिले में सड़क दुर्घनाओं एवं मृत्यु दर साथ ही साथ घायलों को गोल्डन ऑवर में हॉस्पिटल या ट्रामा सेंटर पहुंचाने संबधि प्रशिक्षण आयोजन के लिए विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। उक्त शिविर का आयोजन स्थानीय ऑडिटोरियम में किया गया। जहां वाहन चालकों का प्रशिक्षण दिया गया। पुलिस अधीक्षक बैतूल वीरेंद्र जैन द्वारा शिविर में सम्मिलित वाहन चालकों को शहर जिले में सुगम यातायात संचालन, अनुशासित वाहन संचालन वैधानिक दस्तावेज सहित वाहन के रख-रखाव की जानकारी दी गई। बीमा संबंधी एडवाइजरी जारी करते हुए जिले में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने, साथ ही साथ ब्लैक स्पॉट, एक्सीडेंट प्रोन एरिया के आस पास के ग्रामीणों को आपात स्थिति में सड़क दुर्घटना के घायलों को सीपीआर देने एवं घायलों को गोल्डन ऑवर में ट्रामा, हॉस्पीटल पहुंचाने की महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा वाहन चालकों को रहवीर योजना, हिट एंड रन स्कीम, कैशलेस ट्रीटमेंट स्कीम के बारे जानकारी दी गई।




शिविर के दौरान नागरिकों को निम्न महत्वपूर्ण यातायात नियमों का पालन करने अवगत कराया गया।

शिविर में बताया गया कि दो पहिया वाहन चलाते समय चालक एवं पीछे बैठे व्यक्ति दोनों के लिए हेलमेट पहनना अनिवार्य है। चार पहिया वाहन में यात्रा करते समय सभी व्यक्तियों को सीट बेल्ट लगाना आवश्यक है। नाबालिग व्यक्तियों से वाहन न चलाएं और न ही उन्हें वाहन चलाने दें। शराब पीकर वाहन न चलाएं, यह दुर्घटना का मुख्य कारण बनता है। गलत दिशा में वाहन न चलाएं। नेशनल हाईवे पर मेडियन में अवैध कट बनाकर वाहन न निकालें, यह अत्यंत जोखिमपूर्ण है। ट्रैक्टर-ट्रॉली एवं मालवाहक वाहनों में यात्री परिवहन न करें। वाहन को निर्धारित गति सीमा में ही चलाएं। किसी भी यात्री या मालवाहक वाहन में ओवरलोडिंग न करें। सड़क किनारे लगे यातायात संकेतों एवं चिन्हों का अनिवार्य रूप से पालन करें। इस अवसर पर उपस्थित नागरिकों को सुरक्षित एवं जिम्मेदार यातायात व्यवहार अपनाने की शपथ भी दिलाई गई।

---

# मध्यम परिवार का बेटा बना क्रीड़ा अधिकारी, नगर का नाम किया रोशन

**अनोखा तीर, खातेगांव।** नगर के ट्रस्ट विद्यालय के पूर्व छात्र अंकित पिता मुकेश यादव चयन क्रीड़ा अधिकारी के लिए हुआ। बताया गया कि अंकित ने लोक सेवा आयोग मप्र द्वारा आयोजित उच्च शिक्षा विभाग क्रीड़ा अधिकारी की परीक्षा उत्तीर्ण की। जिसमें अंकित का चयन क्रीड़ा अधिकारी के लिए हुआ है। अंकित की इस उपलब्धि पर खेल शिक्षक बालकिशन यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि खातेगांव में जन्मे अंकित पिता मुकेश यादव जो छोटा-मोटा व्यापार करते हैं। अंकित शुरू से होनहार रहा है, वह कक्षा 9वीं से शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय पढ़ने आया और उसी समय योग क्लास आने लगा। धीरे-धीरे वह सभी आसान लगाने लगा और प्रथम वर्ष में उसका चयन संभाग स्तर पर हुआ। इस तरह वह मेहनत करता रहा और अगले वर्ष ही उसका चयन राज्य स्तर पर हो गया, लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर कुछ अंक से चूक गया फिर वह अगले वर्ष के लिए मेहनत करने लगा और ईश्वर की कृपा से अगले वर्ष उज्जैन की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में




उसका चयन राष्ट्रीय स्कूल शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिए हो गया। उसके बाद अंकित ने कॉलेज की पढ़ाई संत सिंगाजी कालेज से की। फिर उज्जैन पढ़ाई करने चला गया, वहीं से उसने सारी तैयारी की। उसके बाद बीपीएड के बाद एमपीएड किया, 4 बार नेट और जेआरएफ जैसी परीक्षा शारीरिक शिक्षा विषय में उत्तीर्ण की और वर्तमान में केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में फिजिकल एजुकेशन टीचर के पद पर कार्यरत हैं। उसके बाद अंकित ने लोक सेवा आयोग मध्य प्रदेश द्वारा आयोजित उच्च शिक्षा विभाग क्रीड़ा अधिकारी की परीक्षा दी और उसका चयन क्रीड़ा अधिकारी के लिए हो गया। ये सब उसकी मेहनत, लगन और माता-पिता के आशीर्वाद से संभव हो पाया है। अंकित का परिवार शुरू से अखाड़े से जुड़ा रह। उसके पापा खुद खो-खो के अच्छे खिलाड़ी रहे हैं। अंकित ने न केवल परिवार बल्कि खातेगांव का नाम भी रोशन किया है और उन बच्चों के लिए प्रेरणा है।

*स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक प्रहलाद शर्मा द्वारा श्री सिद्धीविनायक प्रिंटर्स, देशबंधु परिसर, प्लॉट नं.26-बी, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी.नगर, भोपाल,म.प्र. से मुद्रित अनोखा तीर कार्यालय नया बस स्टैंड के सामने, हरदा, म.प्र. से प्रकाशित। **प्रधान संपादक** सुरेश लोहाना / **संपादक** प्रहलाद शर्मा / **प्रबंध संपादक** महेश कौशिक। फोन : 07577-226771 मो.9425045480, समाचार चयन के लिए पी.आर. बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। **सभी विवादों का न्याय क्षेत्र हरदा रहेगा।***

## सार-समाचार

## नेमावर के नर्मदा पुल से युवती ने लगाई छलांग

- **2 दिन में दूसरी घटना आई सामने, लोगों में आक्रोश**

**अनोखा तीर, नेमावर।** नेमावर के नर्मदा पुल से एक युवती ने नर्मदा नदी में मौत की छलांग लगा दी। घाट पर मौजूद नाविकों ने जान पर खेल कर युवती की जान बचाई, लेकिन सुरक्षा पर सवाल खड़े हो गए हैं। अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि किन कारणों से युवती ने नर्मदा पुल छलांग लगाई और कहां कि रहने वाली है। पुलिस जांच में जुटी है। बीते दिन भी हरदा जिले के रहने वाले 30 वर्षीय युवक ने नर्मदा नदी में छलांग लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली थी। उसके बाद भी प्रशासन ने सुरक्षा के इंतजाम नहीं किया और 2 दिन में दूसरी घटना सामने आ गई। नर्मदा घाटों पर इस प्रकार की घटना लंबे समय से सामने आ रही हैं। उसके बावजूद भी घाट पर ना तो पुलिस सुरक्षा न एंबुलेंस और ना ही सुरक्षा कर्मी की तैनाती की गई है। लोगों का कहना है कि नर्मदा घाट पर एक पुलिस चौकी स्थापित की जाए, जहां पर एंबुलेंस, पुलिसकर्मी और स्वास्थ्य कर्मी तैनात रहें। ताकि इमरजेंसी में इस प्रकार की घटना सामने आने पर तुरंत जान बचाई जा सके। वैसे भी नेमावर एक धार्मिक स्थल है, यहा श्रद्धालुओं का आना-जाना बना रहता है। लेकिन उनकी सुरक्षा पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

## आरोपी एएसआई की जमानत याचिका खारिज

**अनोखा तीर, हरदा।** ट्रैफिक थाने में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक सुरेंद्र मालवीय पर एक पीड़िता द्वारा दुष्कर्म का मामला दर्ज कराने के बाद से ही आरोपी फरार चल रहा है। पीड़िता की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 69, 351(3) और एससी-एसटी एक्ट अंतर्गत प्रकरण कायम किया है। इसी मामले में हरदा की विशेष न्यायालय में 23 दिसंबर को आरोपी सुरेन्द्र मालवीय का अग्रिम जमानत का आवेदन खारिज कर दिया गया है। क्योंकि एससी-एसटी एक्ट में अग्रिम जमानत का प्रावधान नहीं होने के



कारण आवेदन निरस्त हुआ है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार आरोपी ने अपना मोबाइल बंद कर लिया है। जिसके चलते उसकी लोकेशन नहीं मिल रही है। पुलिस ने गिरफ्तारी के लिए टीम रवाना की है, जो आरोपी को पकड़ने हरसंभव प्रयास में जुटी है। गौरतलब है कि यह मामला 16 दिसंबर को दोपहर करीब 3 बजे का है। पीड़िता की शिकायत के मुताबिक आरोपी ने पगार बढ़ाने का लालच देकर उसके साथ गलत काम किया। वहीं विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। बता दें कि पीड़िता पिछले दो साल से अपने गांव से हरदा आकर झाड़ू-पोछा का काम कर रही है। आरोपी सुरेंद्र मालवीय के अलग-अलग किराए के मकानों में उसने साफ-सफाई का काम किया। 16 दिसंबर को दोपहर 3 बजे के आसपास वह आरोपी के घर का काम निपटाने के बाद जाने की तैयारी कर रही थी। उसी दौरान आरोपी ने पगार बढ़ाने और अपने घर पर स्थायी तौर पर काम पर रखने का झांसा देकर अपने गलत मंसूबे को अंजाम दिया।

## पहले थाने अब पार्टी फोरम पर पहुंचा मामला

**अनोखा तीर, हरदा।** सोशल मीडिया पर बयानबाजी का मामला पहले थाने और पार्टी फोरम पर पहुंच गया है। राजपूत समाज के लोगों ने कन्हैयालाल कुशवाह के कमेंट पर अपनी तीखी प्रतिक्रिया दी। वहीं विरोधस्वरूप छीपावड़ थाने में शिकायती आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। इसी मामले में कन्हैयालाल कुशवाह ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अपना पक्ष रखकर फेसबुक आईडी हैक हो जाने की बात कही। इस



संबंध में कुशवाह ने पुलिस को एक लिखित आवेदन भी दिया है। दोनों पक्षों की तरफ से शिकायत करने के बाद शनिवार को भाजपा से जुड़े राजपूत समाज के एक दल ने जिला अध्यक्ष राजेश वर्मा से मुलाकात की। समाज के विरूद्ध अभद्र टिप्पणी पर नाराजगी जाहिर की। कहा कि अभद्र टिप्पणी से संपूर्ण समाज में नाराजगी व्याप्त है। हम सब पार्टी के कार्यकर्ता है। उनकी टिप्पणी से आघात लगा है। उन्होंनें मामले की निष्पक्ष जांच उपरांत दोषी पाए जाने पर कार्रवाई की मांग की है। राजपूत समाज के सदस्यों में विजयसिंह सावनेर, जगदीश सोलंकी, शम्भूसिंह,अनारसिंह, शिवदानसिंह, उमेदसिंह, यशवंतसिंह, जयसिंह, मनोज सिंह, भागवत सिंह सिंदा, मनोहर सिंह, देवीसिंह और ओमप्रकाश बघेल सहित अन्य लोग शामिल थे।



# विशाल बैलगाड़ी दौड़ प्रतियोगिता आज

**अनोखा तीर, हरदा।**

फोरलेन हाइवे पर रविवार को विशाल बैलगाड़ी दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है। जिसमें हरदा समेत आसपास के जिलों की बैलजोड़ी हिस्सा लेंगी। आयोजन के एक दिन पहले यानी शनिवार को दौड़ ग्राउंड पर तमाम व्यवस्थाओं को मूर्तरूप दिया गया। आयोजन समिति से जुड़े विजय जेवल्या ने बताया कि क्षेत्र की पहचान बन चुकी बैलगाड़ी दौड़ को लेकर किसान तथा बैल प्रमियों में खासा उत्साह है। इसी क्रम में रविवार को आयोजित दौड़ प्रतियोगिता में पहला इनाम 51 हजार रूपये रखा है। वहीं दूसरा, तीसरा और चौथा इनाम भी है। प्रतियोगिता में करीब 60 बैल जोड़ियों के शामिल होने का अनुमान है। उन्होंनें क्षेत्रवासियों से खेल आयोजन में शामिल होकर दौड़ प्रमियों का हौंसला बढ़ाने का आग्रह किया है।

**पांच फीडरों पर मेंटेनेंस ....**

# एक दर्जन से अधिक कालोनियों में गुल रही बिजली

**अनोखा तीर, हरदा।**

शहर के 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र पर नई बस बार एवं कंडक्टर स्ट्रिंगिग कार्य के चलते पांच फीडरों की एक दर्जन से अधिक कालोनियों में बिजली गुल रही। मेंटेनेंस का कार्य सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक की सूचना जारी की गई थी। लेकिन कई कालोनियों में देर शाम तक अंधेरा पसरा रहा। इस दौरान लोगों को अपने जरूरी काम के लिए परेशान होते देखा गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार विधुत वितरण कंपनी ने शनिवार को विधुत उपकेन्द्र पर मेंटेनेंस कार्य हुआ। इसके लिए कंपनी ने बकायदा शहर के पांच फीडरों की एक दर्जन से अधिक कालोनियों में विधुत प्रवाह बंद रहने की सूचना जारी की थी। जिसके तहत शहर उपकेंद्र से निकलने वाले 11 केवी गुप्तेश्वर मंदिर, इंदौर रोड, खेड़ीपुरा, रेलवे एवं कोर्ट फीडर की विद्युत सप्लाई दोपहर 3 बजे तक बंद रखी गई। जिसके चलते सिंधी कॉलोनी, विपट कॉलोनी, राजधानी कॉलोनी, ड्रीमलैंड कॉलोनी, ब्रजधाम कॉलोनी, रौनक बिहार, घंटाघर क्षेत्र, अभिषेक ग्रीन वैली, सिविल लाइन, खंडवा बायपास, भवानी कुंज, अवस्थी कंपाउंड, फाइल वार्ड, खेड़ीपुरा और कुलहरदा आदि।

### बस स्टैंड क्षेत्र में की अघोषित कटौती

विद्युत वितरण कंपनी अपने उपभोक्ताओं को मनमाने बिजली बिलों से तो परेशान करती ही है, लेकिन घोषित के साथ अघोषित भी कटौती करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ती है। आज शनिवार को दोपहर 3 बजे से शाम ६.४५ तक एक व्यक्ति विशेष को लाभ पहुंचाने के लिए ट्रांसफार्मर परिवर्तन के नाम पर अघोषित कटौती की गई। वहीं उपभोक्ताओं को फीडर फाल्ट के नाम पर मैसेज कर बर्गलाया गया। घंटो इस तरह की अघोषित विद्युत कटौती के दौरान उस व्यक्ति विशेष को लाभ पहुंचाने के लिए पूरे समय विभाग के आला अधिकारी मौके पर मौजूद रहकर ट्रांसफार्मर परिवर्तन का कार्य करा रहे थे। इस तरह की अवैध कटौती में आला अधिकारियों की भूमिका कोई बड़ा लेनदेन दर्शा रही है।

# बिजली के तार से लगी आग

**-10 टैंक भूसा, लकड़ी और पाइप जलकर हुए खाक**

**अनोखा तीर, मसनगांव।**

ग्राम में एक खलिहान में बिजली के तार में शॉर्ट सर्किट होने के कारण आग लग गई, जिसमें भूसा, लकड़ी के डंडे और पाइप जलकर राख हो गए। जानकारी के अनुसार, ग्राम के किसान हरीराम छलौत्रे के खलिहान में बने टीन शेड में बिजली के तार में शॉर्ट सर्किट हुआ, जिससे पास में लटक रहे तिरपाल में आग लगी धीरे-धीरे भूसे के ढेर तक फैल गई। बताया गया कि टीन शेड में लगभग 10 टैंक भूसा रखा हुआ था और ऊपर पाइप रखे हुए थे। साथ ही शेड में कुर्सी और अन्य सामग्री भी मौजूद थी, जो जलकर राख हो गई। घटना करीब शाम 4 बजे हुई। भुसे के ढेर से धुआँ निकलते देख ग्रामीण तुरंत खलिहान में पहुंचे और पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया। खुले तारों से करंट आने के कारण पहले बिजली बंद कराई गई, उसके बाद आग बुझाने के लिए पानी डाला गया। भुसा अधिक मात्रा में होने के कारण हरदा से नगर पालिका की दमकल भी बुलानी पड़ी। पहले प्रयास में आग पर पूरी तरह काबू नहीं पाया गया, लेकिन दमकल को दोबारा भरकर आग पर नियंत्रण पाया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने टीन और अन्य सामान निकालकर अलग किया। लकड़ी के डंडों में लगी आग को भी पानी डालकर बुझाया गया। पास में बंधे मवेशियों को सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित किया गया और दूसरे कमरे में रखे खाद, बीज आदि को भी अलग किया गया। अंततः दमकल और ग्रामीणों की मदद से आग पर पूरी तरह नियंत्रण पाया गया। ग्रामीणों ने घटना की सूचना ग्राम पटवारी को दी, जिन्होंने पंचनामा तैयार कर हरदा तहसीलदार को भेजा।



## भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह का हरदा में प्रथम आगमन

**-जिला बैठक आयोजित**

**अनोखा तीर, हरदा।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह परमार के हरदा में प्रथम आगमन पर कार्यकर्ताओं द्वारा फूलमाला एवं श्रीफल से स्वागत किया गया। इसके पश्चात हरदा जिला कार्यालय कमल कुंज पर जिला बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष द्वारा कार्यकर्ताओं को संबोधित किया गया। बैठक में उपस्थित जिला अध्यक्ष राजेश वर्मा (काका), अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष एवं जिला महामंत्री मनीष निशोद, जिला महामंत्री राजेश गोदारा, बसंत सिंह राजपूत, मंडल अध्यक्ष हंडिया मुकेश पटेल, जिला पंचायत सदस्य कमलेश सेजकर, अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला मंत्री राकेश लोमारे, एसी जिला मोर्चा महामंत्री हिमांशु सावरे, पंचम लोंगरे, एसी मोर्चा के उपाध्यक्ष कुंवरसिंह सानिया, जनपद सदस्य सतनारायण मल्हारे, टिमरनी मंडल महामंत्री संतोष डोंगरे, हरदा मंडल महामंत्री पुरुषोत्तम झिंझोरे, मोर्चा महामंत्री महेश सांकले, बाजूलाल पवार, बेलदार समाज के जिला अध्यक्ष अशोक लूनिया, संतोष किरावर, अरविंद सौदे, बृजेश अंकले, सतीश सेजकर, विष्णु भेसारे, धीरज गुजरभोज, अनिल अंडेरिया, अरुण रघुवंशी, दुर्गेश जाटव, रामू माणिक, दीपक लोमारे, गोविंद अमकरे, अर्जुन सौदे, अनिल दूधे सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## आज 5 घंटे गुल रहेगी बिजली

**अनोखा तीर, हरदा।**

आज 28 दिसंबर दोपहर 10 बजे से 3 बजे तक 33/11 केवी हरदा शहर उपकेंद्र से निकलने वाले 11 केवी गुप्तेश्वर मंदिर, 11 केवी इंदौर रोड, खेड़ीपुरा, रेलवे एवं कोर्ट फीडर की विद्युत सप्लाई बंद रहेगी। उपकेंद्र के अंदर नई बस बार एवं कंडक्टर स्ट्रिंगिंग कार्य किए जाने के कारण संबंधित फीडरों से जुड़ी कॉलोनियों में विद्युत प्रवाह प्रभावित रहेगा।

इस दौरान सिंधी कॉलोनी, विपट कॉलोनी, राजधानी कॉलोनी, ड्रीमलैंड कॉलोनी, ब्रजधाम कॉलोनी, रौनक विहार, घंटाघर क्षेत्र, अभिषेक ग्रीन वैली, सिविल लाइन, खंडवा बायपास, भवानी कुंज, अवस्थी कंपाउंड, फाइल वार्ड, खेड़ीपुरा, कुल्हरदा सहित आसपास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बंद रहेगी।

# कमल खेल महोत्सव के तहत हुई कबड्डी प्रतियोगिता

**अनोखा तीर, हरदा।**

कमल खेल महोत्सव अंतर्गत विकासखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत आज नेहरू स्टेडियम, हरदा में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल मासनगांव, शासकीय हाईस्कूल खेड़ा, शासकीय हाईस्कूल नयापुरा, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय हरदा, शासकीय महात्मा गांधी स्कूल हरदा, शासकीय नगरपालिका स्कूल हरदा, शासकीय हाईस्कूल सोनतलाई, सनफ्लॉवर स्कूल हरदा, महर्षि ज्ञानपीठ स्कूल हरदा, दा फाउंडेशन ऑफ एजुकेशन हरदा, कन्या शाला हरदा सहित विभिन्न स्कूलों की टीमों ने भाग लिया। बालिका वर्ग में 8 टीमें एवं बालक वर्ग में 12 टीमें शामिल रहीं। प्रतियोगिता का शुभारंभ अंतरराष्ट्रीय कबड्डी निर्णायक जगदीश शर्मा, जिला ओलंपिक संघ अध्यक्ष संदीप पटेल, भाजपा महामंत्री राजेश गोदारा, भाजपा महामंत्री बसंत राजपूत, क्रीड़ा अधिकारी रामनिवास जाट, ब्लॉक समन्वयक सलमा खान, व्यायाम शिक्षक राजेश बिलिया, खेल




प्रकोष्ठ अध्यक्ष विक्रांत अग्रवाल एवं पत्रकार स्वदेश गंगवाल द्वारा मैदान पूजन एवं खिलाड़ियों से परिचय के साथ किया गया। इस अवसर पर संदीप पटेल ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि हरदा जिले के किसी भी गांव का खिलाड़ी यदि प्रतिभाशाली है तो उसे राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने में हर संभव सहयोग किया जाएगा। खिलाड़ियों से पूरी मेहनत और कौशल के साथ बेहतर प्रदर्शन करने का आह्वान किया गया।

**बालिका वर्ग के परिणाम** - प्रथम स्थान शासकीय नोडल उत्कृष्ट विद्यालय हरदा, द्वितीय स्थान शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय हरदा, तृतीय स्थान महर्षि ज्ञानपीठ स्कूल हरदा, चतुर्थ स्थान सनफ्लॉवर स्कूल हरदा रहा।

### बालक वर्ग के परिणाम

प्रथम स्थान शासकीय हाई स्कूल अजनास, द्वितीय स्थान शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय हरदा, तृतीय स्थान शासकीय उच्च माध्यमिक शाला मासनगांव, चतुर्थ स्थान शासकीय महात्मा गांधी स्कूल हरदा रहा। प्रतियोगिता के संयोजक जिला ओलंपिक संघ अध्यक्ष संदीप पटेल ने बताया कि दोनों वर्गों में प्रथम चार स्थान प्राप्त करने वाली बालिका एवं बालक वर्ग की टीमें जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगी। प्रतियोगिता को सफल बनाने में प्रहलाद जाट, कन्हैयालाल विश्नोई, लोकेश डूडी, शैलेंद्र टाड़ा, पंकज झुरिया, निवास चौधरी, योगेंद्र पटेल, हिमांशु सावरे, सुमित गोयल एवं सूरज राजपूत का विशेष सहयोग रहा।

# रेत चोर डंफर ने वन अमले पर किया जानलेवा हमला

- **मोटर सायकिल स्कूटी क्षतिग्रस्त** ● **वन अमले ने भागकर बचाई जान** ● **तीन दिन तक देलाखारी पुलिस ने नहीं की कार्यवाही**

**अनोखा तीर, छिंदवाड़ा।**

तामिया वन क्षेत्र से अवैध रेत उत्खनन की खबरों के बीच रेत चोरों द्वारा वन अमले पर डंफर चढ़ाने की खबर अंडर प्ले हो गई है। बीते 23 दिसंबर की रात्रि में हुई घटना को लेकर वन अमले की लिखित शिकायत के बाद देलाखारी चौकी प्रभारी ने कोई कार्यवाही नही की, बस जांच की बात कह रहे हैं। बीते तीन महीनों में तीन ट्रैक्टर वन विभाग ने वन क्षेत्र से पकड़े हैं, इसी हताशा में रेत चोर जानलेवा हमले पर उतारू हो गए है। सूत्रों की माने तो एकलव्य विद्यालय प्राचार्य से अभद्रता मामले से जुड़े कथित नेता उस मामले से ध्यान हटाने इस वन क्षेत्र में अवैध उत्खनन मामले को तूल दे रहे हैं।

### क्या है मामला

तामिया वन परिक्षेत्र के कुआंबादला सर्किल के वन अमले को मुखबिर से वन क्षेत्र से अवैध रेत उत्खनन परिवहन की सूचना मिली। मुखबिर की सूचना पर कुआबादला परिक्षेत्र सहायक (डिप्टी रेंजर) फुलभान शाह इनवाती, बांगई बीट प्रभारी एंव वनरक्षक महेन्द्र सिंह बघेल, भांडी बीट प्रभारी वनरक्षक रामदास शर्मा, चौकीदार सुमनसी धुर्वे बांगई, संतोष धुर्वे, बांगई मंसाराम धुर्वे भांडी 23 दिसंबर 2025 रात्रि 1 बजे को कक्ष क्र.पी-227 में जमरूस नदी से अवैध रेत परिवाहन करते रात्री में गाड़ीयों की लाईट देखकर पहुंचे। जहां मिनी ट्रक डंफर नदी से भागता हुआ दिखाई दिया। वन विभाग के दल के डंपर के नजदीक पहुंचने के पहले वाहन (डम्फर) चालक ने बांगई के निवासी पंकज उइके के खेत में जाकर रेत खाली कर दी गई। डंफर चालक से पूछताछ के रेत परिवाहन से सम्बंधित कोई वेध कागजात नहीं पाए गए। इसी दौरान वाहन मालिक रोहित साहू पिता स्व. जगदीश साहू साकिन बिजारी वहां पहुंच कर वाहन चालक को वन अमले पर वाहन चढ़ाकर जानलेवा हमला करने के साथ मौके से जबरन डंफर लेकर भाग जाने को कहा। इसके बाद डंफर वाहन चालक ने वन अमले के दो दोपहिया वाहन मोटरसाइकल और स्कूटी को टक्कर मार कर मौके से फरार हो गया। इस जानलेवा हत्या करने की कोशिश डम्फर से की गई। टक्कर में वन अमला के दो पहिया वाहनों को हानी हुई। इस दौरान वन अमला के बांगई वनरक्षक महेन्द्रसिंह बघेल और उनके सहयोगी चौकीदार श्सुमनसी धुर्वे के पैर में चोटे आई। वन अमले द्वारा भागकर किसी तरह अपनी जान बचाई गई। रात्री के कारण डंपर का नंबर स्पष्ट दिखाई नही दिया। लाल पीले रंग के डंफर में 8828 लिखा दिखाई दे रहा था। वन अमले ने इस घटना की सूचना वन परिक्षेत्र अधिकारी तामिया को तत्काल देकर घायलों का उपचार कराया। घटना के बाद वन अमले ने तामिया थाने की देलाखारी पुलिस चौकी में जानलेवा हमला करने के साथ शासकीय कार्य में बाधा, वन क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन परिवहन करने की लिखित सूचना के साथ जीपीएस रीडिंग, मौके की फोटो, क्षतिग्रस्त वाहन का फोटो, घायलों कें उपचार दस्तावेज देकर भारतीय न्याय सहिता की धारा के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करने की गुहार लगाई।

**पुलिस के संरक्षण में चोरो के हौंसले बुलंद-** तामिया में रेत चोरो के हौंसले बुलंद है। पुलिस और राजस्व को मोटी रकम के बदले संरक्षण मिला हुआ है। फारेस्ट टीम पर जानलेवा हमले घटना के तीन दिन बाद पुलिस चौकी के प्रभारी उपनिरीक्षक मयंक उइके ने कहा मामले की जांच की जा रही है। बीते 27 अक्टूबर को दुर्गेश यदुवंशी द्वारा ट्रेक्टर पकड़ने दौरान डिप्टी रेंजर फुलभान इनवाती की जानलेवा हमले की शिकायत पर भी चौकीप्रभारी ने कोई कार्यवाही नही की।

**वन विभाग ने शिकंजा कसा, तीन महीने में तीन ट्रैक्टर पकड़े-** वन विभाग तामिया परिक्षेत्र के बांगई और मढकाढाना के खुट्टी ग्राम में वन क्षेत्र से अवैध रेंत परिवहन मामले में तीन ट्रैक्टर जब्त किए गए थे। दिनांक 22 सितंबर को धुसावानी का, एक ट्रैक्टर 27 अक्टूबर दुर्गेश यदुवंशी का ट्रैक्टर पकड़ा गया। इस मामले में डिप्टी रेंजर फुलभान शाह इवनाती पर दुर्गेश द्वारा हमला करने की शिकायत भी देलाखारी चौकी में हुई थी। इसी तरह बीते 16 दिसबर को धुर्वे कृषि फार्म लिखा ट्रैक्टर भी जब्त किया था, जिसका प्रकरण पंजीबद्ध हुआ है।

### ध्यान भटकाने नेता कर रहे साजिश

वन अमले पर जानलेवा हमले की घटना के पीछे कुछ रेत चोर सत्तादल धारी नेताओं की भूमिका मानी जा रही है। बीते 3 दिसंबर को एकलव्य विद्यालय में प्राचार्य के साथ हुई बदतमीजी मामले में शांतिभंग से जुड़े आरोपी ध्यान भटकाने वन क्षेत्र अवैध रेत चोरी मामले को तूल दे रहे है। सूत्रों की माने तो जानलेवा हमले की घटना को छिपाने वनकर्मियों को किसी महिला मामले में फर्जी फसाने की साजिश होने की चर्चा है। वहीं इस मामले में राजीनामा करने का दबाद भी वनकर्मियों को दिया जा रहा है।